तापमान

अधिकतम 43.4 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025



ट्रेनें रद्द होने के कारण रेलवे स्टेशन में पसरा रहता है सन्नाटा।



## खबर संक्षेप

### भारत गौरव अलंकरण समारोह, बैठक आज

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं समाजसेवी एवं संस्कृतिधर्मी शिवप्रताप साव के बैसठवें जन्मदिवस पर थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार द्वारा भारत गौरव अलंकरण समारोह को मूर्त रूप देने 27 अप्रैल को शाम 5.30 बजे बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक राजीव प्लाजा रोड श्री जगन्नाथ मंगलम में होगी।

### डीएसपी रश्मित बनीं पुलिस प्रवक्ता

**बिलासपुर।** डीएसपी रश्मित कौर चावला पुलिस प्रवक्ता बनाई गई हैं। शनिवार को एसपी रजनेश सिंह ने इस आशय का आदेश जारी किया है। उनके द्वारा पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया को उपलब्ध कराई जाएगी। उनके अवकाश में रहने पर लिंक अधिकारी सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

### आत्मानंद स्कूल में एडमिशन के लिए आवेदन 5 मई तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूलों में एडमिशन की तैयारी एक बार फिर शुरू हो गई है। नया सेशन 2025-26 शुरू होने वाला है और इसी को लेकर 10 अप्रैल से आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन 5 मई तक किए जा सकेंगे। इस बार कुल 751 स्कूलों में एडमिशन होगा। जिसमें 403 इंग्लिश और 348 हिंदी मीडियम स्कूल शामिल है। अगर किसी स्कूल में सीटों से ज्यादा फॉर्म आएंगे, तो मई के दूसरे हफ्ते में लॉटरी होगी और फिर एडमिशन दिया जाए।

### राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड आवेदन 30 मई तक

**बिलासपुर।** विश्व सेवा परिषद् द्वारा राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड देने 30 मई तक आवेदन मंगाए गए हैं। इसके लिए शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, सांस्कृतिक व अन्य सेवाभावी क्षेत्रों के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकारी/ गैर सरकारी व्यक्तियों, संस्थाओं, समाजसेवी आवेदन कर सकते हैं। सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति व संस्था अपने वरिष्ठ विभागीय, अधिकारी से और गैर सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति व संस्था मुखिया, वार्ड पार्षद, मेयर, विधायक, सांसद में से किन्हीं एक से अपने कार्यों की अनुशंसा कराना जरूरी है। पूरी जानकारी डॉ. बीबी राज, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, विश्व सेवा परिषद प्रधान कार्यालय -कमड़े, रातु रोड, रांची-835222 भेजना होगा।

### एडीईओ के 200 पदों पर भर्ती परीक्षा 15 जून को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। 200 पदों पर होने वाली भर्ती के लिए ग्रेजुएट अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा 15 जून को प्रदेश के सभी 33 जिलों में आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र एक सप्ताह पहले जारी कर दिए जाएंगे। परीक्षा के लिए अभ्यर्थी दो मई शाम पांच बजे तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को त्रुटिसुधार का भी मौका दिया जाएगा। अभ्यर्थी तीन से पांच मई तक त्रुटिसुधार कर सकेंगे। परीक्षा में ग्रामीण विकास में पीजी करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन्हें 15 अंकों का बोनस दिया जाएगा। अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष है, इसमें पांच साल की छूट दी जा रही है। यानी 40 साल की उम्र वाले राज्य के स्थानीय निवासी इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु की गणना एक जनवरी 2025 के संदर्भ में की जाएगी। एडीईओ भर्ती के लिए परीक्षा 100 अंकों की होगी। परीक्षा में 100 प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रत्येक प्रश्न एक-एक अंक के होंगे।

# 109 स्कूलों में पिछले साल सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे हुई पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के 300 स्कूल शिक्षक विहीन हैं तो 5,500 स्कूलों में एक ही शिक्षक पढ़ाई करा रहे हैं। इसके बाद भी अधिकारियों का दावा है कि छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और विद्यार्थियों का अनुपात राष्ट्रीय अनुपात से बेहतर है। देश में 26 विद्यार्थियों के पीछे एक शिक्षक हैं जबकि प्रदेश में 21 विद्यार्थियों के पीछे एक शिक्षक है। एकल शिक्षक स्कूलों की बात करें, तो पूरे प्रदेश के बस्तर जिले में सबसे ज्यादा 428 और कोंडागांव में 417 ऐसे स्कूल हैं। रायपुर की बात करें तो यहां 27 और बिलासपुर में 109 स्कूल सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इसके साथ ही धमतरी में सबसे ज्यादा 112 स्कूल बगैर टीचर के चल रहे हैं तो बिलासपुर में 16 ऐसे स्कूल हैं जहां एक भी शिक्षक की पोस्टिंग नहीं है। बच्चों को पढ़ाने के लिए अटैचमेंट या फिर जुगाड़ का सहारा लेना पड़ता है। इसमें कोटा ब्लाक के 8 स्कूल शामिल हैं। पिछला साल भी इसी तरह गुजरा। अब नया सत्र शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक इन ग्रामीण स्कूलों में शिक्षा विभाग व्यवस्था नहीं कर सका है।

पिछले साल भर पहले स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कोशिश की गई थी कि सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक रहें। कोशिश लेकिन नाकाम रही और कई स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझते रहे। पढ़ाई प्रभावित हुई और कोर्स भी पूरा नहीं हो सका। इस अब नया सत्र शुरू हो गया है। इस तरह एक बार फिर प्रदेश के साढ़े 5 हजार स्कूल एकल शिक्षकीय ही रह गए तो वहीं, 300 स्कूल शिक्षकविहीन ही रहेंगे।

**16 स्कूलों में तो पढ़ाने वाला कोई था ही नहीं इस साल भी अभी तक व्यवस्था नहीं**

- प्रदेश के 300 स्कूल शिक्षक विहीन हैं तो 5,500 स्कूलों में एक ही शिक्षक की पोस्टिंग
- साल भर से चलती रही कवायद हो गई फेल जिले का कोटा ब्लाक सबसे अधिक प्रभावित




### एक ही शिक्षक 6 से 7 कक्षा के बच्चों को पढ़ा रहे

प्रदेश में प्रधान पाठक मिडिल, शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्य, उप संचालक, संयुक्त संचालक के पद रिक्त हैं। हाल यह है कि कई जिलों के सरकारी स्कूलों में एक ही शिक्षक 6 से 7 कक्षा के बच्चों को पढ़ा रहे हैं। कुछ स्कूलों में भौतिक, केमेस्ट्री, गणित, इंग्लिश जैसे विषयों के शिक्षकों की कमी है। प्राथमिक स्कूलों में प्रधान पाठकों के 126, सहायक शिक्षकों के 821, माध्यमिक स्कूलों में प्रधान पाठक के 65, शिक्षकों के 612 पद खाली है। हाई और हायर सेकेंडरी में प्राचार्य, व्याख्याता, कृषि शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल, सहायक शिक्षक विज्ञान, प्रयोगशाला के 503 पद रिक्त हैं। व्यायाम शिक्षकों के 92 एवं सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला में करीब 96 शिक्षकों के पद लंबे समय से खाली हैं।

### विवादों में फंसा युक्तियुक्तकरण

ध्यान रहे कि कुछ दिन पहले विभाग ने युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी किया था, लेकिन प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में स्वीकृत शिक्षकों के पदों में कटौती के कारण यह विवादों में फंस गया और आखिरकार शिक्षक संगठनों के कड़े विरोध के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। अब इस साल युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात फिर से कही जा रही है। हालांकि हर बार की तरह इस बार भी कुछ शिक्षक संगठन विरोध में हैं। ऐसे में इस साल भी एकल शिक्षकीय और शिक्षकविहीन स्कूलों की स्थिति जस की तस रहेगी।

### गांवों में शिक्षकों का टोटा, शहर में सरप्लस

देखा जाए तो एक ओर गांवों के स्कूलों में शिक्षकों का टोटा है तो दूसरी ओर अपने प्रभाव से शहरी क्षेत्र के स्कूलों में साढ़े 7 हजार शिक्षक पद नहीं होने के बाद भी पदस्थ हैं। विसंगति यह है कि एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, तो दूसरी ओर शहरी क्षेत्र के स्कूलों में स्वीकृत पदों से ज्यादा शिक्षक हैं। ऐसे शिक्षकों की संख्या 6406 है। ऐसा ही हाल प्रदेश के बाकी जिलों में भी है। कहीं 100 तो कहीं 150 से 200 सरप्लस टीचर हैं। कुछ जिलों में एकल शिक्षकीय स्कूल और शिक्षक विहीन स्कूल हैं।

### पढ़ाई ज्यादा प्रभावित नहीं हुई

अधिकांश स्कूलों में दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षकों की पोस्टिंग है। कोटा ब्लाक के सुदूर क्षेत्रों के कुछ स्कूलों में जरूर कमी हो सकती है। वहां भी दूसरे स्कूलों के माध्यम से व्यवस्था करते हुए कोर्स पूरा कराया गया है। पढ़ाई अधिक प्रभावित नहीं हुई है।

**- अनिल तिवारी,** जिला शिक्षा अधिकारी

**दो साल की पहले ही देरी हो चुकी है** | **अब दावा कि जल्द काम पूरा होगा** | **टेंडर अवधि जनवरी 2024 में ही खत्म**

# तीन साल में सिर्फ लोहे का ढांचा ही खड़ा हो सका, ठेका कंपनी पर 60 लाख की पेनाल्टी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी के तहत छत्तीसगढ़ की पहली आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है। करीब 13 करोड़ में बन रहे इस पार्किंग के काम में दो साल की देरी हो चुकी है और अभी सिर्फ लोहे का ढांचा ही खड़ा हो सका है। काम में लापरवाही और देरी के मामले में कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर 60 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है।

निगम का दावा है कि अगले दो महीने में काम पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों का दावा है कि पार्किंग का पूरा सामान कोलकाता से बनकर आएगा और लोहे के स्ट्रक्चर में फिट कर दिया जाएगा। सारा सामान भी कोलकाता का ही है और क्योंकि ठेका कंपनी भी वहीं की है। ध्यान रहे कि इस पार्किंग को शुरू करने के लिए पहले मई 2023 और फिर जून 2024 तक की समय सीमा तय की गई थी।

- 13 करोड़ में पुराने बस स्टैंड में बन रहा है प्रदेश का पहला आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग

स्मार्ट सिटी की ओर से कुल 12 करोड़ 60 लाख राशि की लागत से इस आटोमेटिक कार पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है। इसका तीन साल पहले हुआ था और एक साल में काम पूरा करना था। कोलकाता के सिम पार्क नामक कंपनी को इस बड़े काम का ठेका दिया गया लेकिन उसने शुरू से ही लापरवाही बरती। टेंडर के नियम, शर्तों के अनुसार करीब 12 माह में मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाकर देना था, किन्तु टेंडर अवधि जनवरी 2024 में समाप्त होने के बाद भी काम फाउंडेशन से ऊपर तक नहीं पहुंच सका था। हालांकि बाद में सख्ती बरती गई तो ठेका कंपनी ने काम में कुछ तेजी दिखाई और लोहे का स्ट्रक्चर पूरा खड़ा कर लिया गया है। स्मार्ट सिटी की ओर से कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर टेंडर राशि की पांच फीसदी राशि लगभग 60 लाख रुपए की पेनाल्टी गई है।

### लापरवाही के चलते काम में देरी

इस पार्किंग के लिए सबसे महत्वपूर्ण काम लोहे का स्ट्रक्चर खड़ा कर लिया गया है। पार्किंग के उपकरण कोलकाता से बनकर आएंगे और लोहे के स्ट्रक्चर में फिट कर दिया जाएंगे। लापरवाही और काम में देरी के मामले में ठेका कंपनी सिम पार्क पर टेंडर राशि की पांच फीसदी राशि लगभग 60 लाख रुपए की पेनाल्टी की गई है।

**- अमित कुमार,** एमडी स्मार्ट सिटी

### आटोमेटिक सिस्टम से कार ऊपरी मंजिल तक जाएगी

ज्ञात हो कि स्मार्ट सिटी के तहत छत्तीसगढ़ की पहली आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है, जो पूरी तरह से स्वचालित आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग होगी। इमें ग्राउंड फ्लोर पर ले जाकर कार खड़े करते ही आटोमेटिक सिस्टम से कार ऊपरी मंजिल तक पहुंच जाएगी। करीब साढ़े दस हजार स्क्वेयर फीट क्षेत्र में यह पार्किंग बनाई जा रही है जो कि चार मंजिला होगी। पार्किंग के ग्राउंड फ्लोर में कार और बाइक पार्क किया जाएगा। इसमें 80 कारों को पार्क करने की व्यवस्था रहेगी।

### पांच सालों तक संचालन और रखरखाव करेगी ठेका कंपनी

ज्ञात हो कि कलेक्टोरेट परिसर में बन रही मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन खड़े होने लगे हैं। धीरे धीरे ही सही लेकिन लोग जागरूक हो रहे हैं। अब शहर की दूसरी मल्टीलेवल पार्किंग पुराना बस स्टैंड में बनाई जा रही है। टेंडर की शर्तों के अनुसार कंपनी द्वारा पाच सालों तक इसका संचालन और रखरखाव किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक शहर के मध्य एक सर्वसुविधायुक्त मल्टीलेवल कार पार्किंग की जरूरत महसूस की जा रही थी। पुराना बस स्टैंड में कार पार्किंग सुविधा शुरू हो जाने से यह कमी पूरी हो जाएगी। मल्टीलेवल कार पार्किंग के शुरू हो जाने से पूरे एरिया में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या से निजात मिलेगा।

# निगम के अफसर ने बेची बस स्टैंड की दुकानें, जांच शुरू

**बिलासपुर।** नगर निगम के एक अधिकारी ने बस स्टैंड की 7 से 10 दुकानों की रजिस्ट्री करा दी है। मामला 2023 का बताया जा रहा है, जानकारी सामने आने के बाद आनन-फानन में निगम आयुक्त ने जांच का आदेश देते हुए कमेटी बना दी है, लेकिन जांच में अब तक कुछ भी सामने नहीं आ सका है।

निगम के अधिकारियों की मिली भगत से करोड़ों रूपए की संपत्ति रसूखदारों के नाम पर करने का मामला सामने आ रहा है। यह रजिस्ट्री तब की गई है जब वर्ष 2023 में इन दुकानों की लीज ही समाप्त हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर पद पर पदस्थ एक अधिकारी ने रजिस्ट्री पर हस्ताक्षर किया है, जबकि नियमतः इसका अधिकार आयुक्त के पास है। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण के चलते दुकानों की लीज खत्म होने के बाद खाली करने चेतावनी दी गई थी। मामला सामने आने के बाद निगम आयुक्त ने जांच कमेटी बनाई है, लेकिन अब तक जांच पूरी नहीं हो सकी है।

- आयुक्त की जगह डिप्टी कमिश्नर ने दुकानों की करा दी रजिस्ट्री
- मामले को दबाने में लगे हैं नगर निगम के अधिकारी

### जांच जारी

दुकानों की लीज खत्म हो चुकी थी, लेकिन रजिस्ट्री की गई है। आयुक्त ने जांच कमेटी बनाई है। जांच जारी है।

**- खंजाची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

### कांग्रेस शासन काल का मामला

रजिस्ट्री का पूरा खेल कांग्रेस शासनकाल के दौरान वर्ष 2023 का है। मामला सामने आने के बाद अधिकारी इस पर पर्दा डालने का प्रयास कर चुके हैं। अब अपर आयुक्त की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है। कमेटी में राजस्व अधिकारी, सम्पदा अधिकारी और जोन कमिश्नर को रखा गया है।

# दिन भर तपाने के बाद शाम को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में शनिवार को सर्वाधिक 43.2 डिग्री अधिकतम तापमान शहर का दर्ज किया गया। पूरे दिन सूरज की तपिश से लोग हलाकान होते रहे, लेकिन इस बीच पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के प्रभाव से आसमान में छाई बदली से दोपहर बाद कुछ राहत मिली। शाम पांच बजे के बाद शहर में तेज हवाएं चलने लगीं, जिससे लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई।

शहर में मौसम का मिजाज शनिवार को नरम-गरम रहा। सुबह से शाम चार बजे तक आसमान में तेज धूप खिली रही। अधिकतम तापमान भी 43.2 डिग्री सेंटीग्रेड रिकार्ड किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक था। इधर पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर ऊपर एक गर्त के रूप में होने एवं तेलंगाना व मन्नार की खाड़ी तक एक द्रोणिका के प्रभाव से आसमान में बादल छाने लगे थे। शाम चार बजे के बाद शहर में तेज हवाएं चलने लगीं थी। इसके असर से सामान्य दिनों में शाम छह बजे के बाद भी तपने वाले शहर में वातावरण औसतन ठंडा महसूस किया गया।

**नमाज पढ़वाकर धार्मिक भावनाओं को आहत किया**

# सीयू के एनएसएस प्रभारी सहित 8 के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनएसएस शिविर में नमाज पढ़वाकर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस प्रभारी, छात्र व 7 प्रोफेसरों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली सीएसपी अक्षय सभ्राद्य ने बताया, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के द्वारा 7 दिवसीय एनएसएस शिविर 26 मार्च से 1 अप्रैल तक ग्राम शिवतराई कोटा में आयोजित किया गया था। उक्त शिविर में 31 मार्च को टीम प्रभारी व अन्य लोगों के द्वारा नमाज पढ़वाकर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाया गया। छात्रों ने घटना की लिखित शिकायत कोनी थाने में की थी। उसके बाद हिंदू, समाजिक, छात्र संगठन के द्वारा कार्रवाई की मांग को लेकर विश्वविद्यालय में जमकर हंगामा मचाया गया था। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर कोनी पुलिस छात्रों की रिपोर्ट पर जांच में जुट गई थी। शनिवार को कोनी पुलिस ने छात्रों की शिकायत पर टीम कोर लीडर छात्र आयुष्मान चौधरी, प्रो. दिलीप झा, डा. मधुलिका सिंह, डा. ज्योति वर्मा, डा. नीरज कुमारी, डा. प्रशात वैष्णव, डा. सूर्यभान सिंह, डा. बसंत कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 196, ख, ग, 299, 302, 190 छ. ग. धर्म स्वातंत्रय अधिनियम की धारा 4 के तहत अपराध कायम कर घटना स्थल कोटा होने से मामले की मूल डायरी जांच के लिए कोटा थाना भेज दी गई है। इधर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने इस मामले में सीयू कुलपति के खिलाफ जुर्म दर्ज करने की मांग की है।




हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**48 घंटे में प्रबंधन को सौंपनी थी जांच रिपोर्ट**

# फैक्ट फाईंडिंग कमेटी एक सप्ताह में पूरी नहीं कर पाई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा गठित फैक्ट फाईडिंग कमेटी एक सप्ताह में जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट प्रबंधन को नहीं सौंप पाई है। एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों से नमाज पढ़ाए जाने के मामले में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी और 48 घंटे में रिपोर्ट सौंपने कहा गया था, लेकिन अभी तक मामले में जांच अधूरी है।

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों से नमाज पढ़ाए जाने के मामले को लेकर 16 अप्रैल को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समेत हिन्दू संगठनों द्वारा यूनिवर्सिटी का घेराव, विरोध प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शनकारी छात्रों द्वारा कई घंटों तक घेराव किया गया, उसके बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से छात्र प्रतिनिधिमंडल के साथ मीटिंग की गई, जिसमें यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से लिखित में यह आश्वस्त किया गया था कि इस मामले में फैक्ट फाईडिंग कमेटी का गठन किया गया है, जो 48 घंटे दो कार्य दिवस में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। लेकिन दो दिवस तो क्या एक सप्ताह से भी अधिक हो गया है और अभी तक न तो इस मामले में जांच पूरी हो पाई है और न ही यूनिवर्सिटी प्रबंधन को रिपोर्ट सौंपी गई है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन का कहना है कि अभी भी कुछ विद्यार्थियों से पूछताछ बाकी है।

### समन्वयक को किया गया निलंबित

गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी के 159 छात्र-छात्राओं को एनएसएस कैंप में शिवतराई ले जाया गया था। कैंप में ईद उल फितर के दिन सुबह-सुबह योगा के समय विद्यार्थियों को नमाज पढ़ाई गई। यह मामला काफी तूल पकड़ लिया और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित हिन्दू संगठनों ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी में काफी विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद यूनिवर्सिटी की ओर से एनएसएस समन्वय प्रो. दिलीप झा को पहले समन्वयक पद से हटाया गया। साथ ही जितने भी एनएसएस के प्रोग्राम आफिसर थे, उन्हें भी एनएसएस से हटा दिया गया है। वहीं अधूरी जांच के बीच में यूनिवर्सिटी ने प्रो. दिलीप झा को निलंबित भी कर दिया।

26 APRIL- BSP-PG-2_Layout 1 4/27/2025 12:29 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### अलायंस एयर विमानों की कमी के कारण सुविधा देने में सक्षम नहीं



**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य सरकार से मांग की है कि सरकारी कंपनी एलाइंस एयर बिलासपुर को पर्याप्त सुविधा देने में सक्षम नहीं है। इसलिए ओपन टेंडर के माध्यम से ऐसी सभी विमानन कंपनियां जिनके पास 72 सीटर या समकक्ष विमान उपलब्ध है, उन्हें बिलासपुर से उड़ान संचालित करने के लिए आमंत्रित किया जाए। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने चार साल का ब्यौरा देते हुए बताया कि जब एक मार्च 2021 को बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट प्रारंभ हुआ था। तब सप्ताह में दिल्ली के लिए आठ उड़ाने मौजूद थी, जो आज घटकर पांच रह गई है। जबकि दिल्ली की किसी भी उड़ान में कम यात्री होने की शिकायत नहीं है। अधिकांश बार किराया 8000 या अधिक होता है, जो दर्शाता है कि पर्याप्त यात्री बिलासपुर से दिल्ली के बीच यात्रा कर रहे हैं। इसी तरह बिलासपुर से प्रयागराज और बिलासपुर से जबलपुर के बीच भी सप्ताह में चार-चार उड़ान थी। विशेष कर प्रयागराज की उड़ान लगभग पूरी भरी हुई चलती थी, परंतु आज यह उड़ान घटकर सप्ताह में दो दिन रह गई है। केंद्रीय मंत्री अपने लिए राजनीतिक महत्व के क्षेत्र में नई उड़ाने शुरू करने की घोषणा करते हैं और क्योंकि विमान की कमी है अतः दूसरे सेक्टर में चल रही उड़ान को बंद करके नई उड़ान शुरू की जाती है। ऐसा बिलासपुर के साथ हो चुका है। जब बिलासपुर से इंदौर सप्ताह में चार दिन चलने वाली उड़न जिसमें यात्रियों की संख्या पर्याप्त थी, उसे बंद कर दो दिन सप्ताह में दिल्ली से इंदौर और दो दिन गोवा से इंदौर चलाया गया। समिति ने कहा कि इस स्थिति से निपटने के लिए यह आवश्यक है कि अन्य कंपनियों को भी बिलासपुर से उड़ान प्रारंभ करने के लिए आमंत्रित किया जाए। क्योंकि राज्य सरकार बिना टेंडर के एलाइंस एयर को सब्सिडी दे रही है।

### श्री सिद्ध करुहा बाबा की प्राण प्रतिष्ठा आज, निकाली गई कलश यात्रा

**बिलासपुर।** ग्राम नेवरा के नवनिर्मित मंदिर में 27 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे श्री सिद्ध करुहा बाबा का प्राण प्रतिष्ठा किया



जाएगा। कार्यक्रम पश्चात समस्त श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इससे पहले 26 अप्रैल को कलश यात्रा करुहा बाबा मंदिर से करवाईन माता मंदिर बस स्टैण्ड तक कलश यात्रा निकाली गई थी। जिसमें सभी ग्रामवासी महिलाएं, बच्चे व पुरुष उपस्थित रहे।

### शिव भोलेनाथ का सत्संग लखीराम सभा भवन में आज



**बिलासपुर।** शिव भोलेनाथ का सत्संग ओम उच्चारण भोजन एवं वंदे मातरम गायन के साथ लखीराम अग्रवाल सभा भवन में 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। इससे पहले 26 अप्रैल को शाम 4 बज से 7 बजे तक शोभायात्रा निकाली गई।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने प्राथमिक शाला में किया स्मार्ट क्लास शुरू



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन व उम्मीद एक किरण द्वारा विकास खण्ड मस्तूरी संकुल केन्द्र मल्हार के शासकीय प्राथमिक शाला मल्हार को स्मार्ट क्लास के संचालन के लिए एलईडी टीवी, म्युजिक सिस्टम व बच्चों को स्वच्छ पेयजल देने वाटर कूलर प्रदान किया गया। सामाजिक संस्था की अध्यक्षा पिंकी मनीष अग्रवाल, राधा मित्तल, शारदा हरिश अग्रवाल, सुमन, माही अग्रवाल के द्वारा मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक एक वृंदावन के पार्षद जगदीश राय प्रसाद, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गंगाराम जोशी व प्राथमिक शाला बेटरी के प्रधानपाठिका पुनीता साहू, प्राथमिक शाला चकरभाठा की शिक्षिका भारती रागनिवार, संस्था की प्रधानपाठिका ममता धनगर, संस्था के अध्यक्षा पिंकी मनीष अग्रवाल आदि मौजूद थीं।

### दो मई को न्याय मार्च के लिए कांग्रेस ने सौंपे दायित्व

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस द्वारा दो मई को स्वास्थ्य सेवा न्याय मार्च किया जाएगा और आमसभा भी रखी गई है। इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी द्वारा कांग्रेसजनों को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया है। इसमें ब्लॉक समन्वयक अनिल दुबे को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सकरी, ब्लॉक समन्वयक अभ्युदय तिवारी को ब्लाक कांग्रेस कमेटी तखतपुर ग्रामीण, ब्लाक समन्वयक शीतलदास मानिकपुरी को ब्लाक कांग्रेस कमेटी रतनपुर, सुख सागर कुर्रे को बेलतना विधानसभा अंतर्गत नगर निगम के वार्ड का दायित्व सौंपा गया है। शेष ब्लाक समन्वयक जल्द ही बनाए जाएंगे। सभी ब्लाक समन्वयक संबंधित ब्लाक अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर दायित्व, प्रभार का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण के अधीन दायित्व का निर्वहन करेंगे। इसमें जिला उपाध्यक्षों में जितेन्द्र पाण्डेय, नीरज जायसवाल, शिवबालक कौशिक, संदीप यादव, श्रीमती सुकृता खुंटे, पप्पू साहू, अंकित गौरहा, मनोज खरे, मुन्ना श्रीवास, अनिल यादव, श्रीमती गोदावरी कमलसेन, हजारीलाल भारद्वाज, बृजेश शर्मा, अमित पांडे, श्रीमती कल्पना कनेरी, प्रमोद जायसवाल, मनोज साहू, मोहन सिंह राज, परमेश्वर मिरी शामिल हैं। जिला महामंत्री में धनंजय सिंह ठाकुर, आशीष शर्मा, प्रीति पाटनवार, रोमहर्ष शर्मा, प्रभंजन बैसवाड़े, मनोज पाण्डेय, अमित यादव, शेख नजरूद्दीन, गांधी बंजारे, जयराम सिंह दीक्षित, गौरीशंकर यादव, सुजीत मिश्रा, महेन्द्र गढ़ेवाल, सुनील सोनकर, गणेश कश्यप, मधु निर्मलकर, सावित्री सोनी को दायित्व सौंपा है।

---

**उच्च शिक्षा विभाग ने जताई नाराजगी** | **सेमेस्टर एग्जाम समय पर कराए जाने दिए निर्देश**

# विश्वविद्यालयों, कालेजों में समय पर नहीं हो पा रहे सेमेस्टर एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस सत्र से लागू तो हो गई है, किन्तु इसके तहत सभी यूनिवर्सिटी व कालेजों में सेमेस्टर एग्जाम एकसाथ समय पर नहीं हो पा रहे हैं। इसे लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने नाराजगी जताई है और समय पर एवं एक साथ सेमेस्टर एग्जाम आयोजित किए जाने पर जोर दिया है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत सेमेस्टर एग्जाम के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दो दिन पहले सभी यूनिवर्सिटी के अधिकारियों को रायपुर बुलवाया गया था। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से सेमेस्टर एग्जाम एवं परिणाम की घोषणा में लेटलतीफी को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्धारित समय पर सेमेस्टर एग्जाम आयोजित करने और परीक्षा परिणाम की घोषणा भी समय में करने कहा गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इसी सत्र से स्नातक स्तर पर सेमेस्टर सिस्टम लागू किया गया है। साल में दो बार सेमेस्टर एग्जाम होना है,



लेकिन प्रदेश के हरेक यूनिवर्सिटी में एक साथ सेमेस्टर एग्जाम आयोजित नहीं हो रहा है और न ही परिणाम समय पर घोषित हो रहे हैं। यहां तक आटोनामस कालेजों में सेमेस्टर एग्जाम सामान्य कालेजों के साथ नहीं हो रहा है। आटोनामस कालेज एग्जाम के मामले में अलग चल रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेय यूनिवर्सिटी द्वारा पहला सेमेस्टर एग्जाम जनवरी माह में आयोजित किया गया था और अगला सेमेस्टर एग्जाम मई माह आयोजित होना है। सेमेस्टर एग्जाम आयोजित करने में अटल यूनिवर्सिटी आगे रहा, जबकि अन्य यूनिवर्सिटी इसके बाद अपने यहां सेमेस्टर एग्जाम कराए हैं।

### केवल पीजी में था सेमेस्टर

अभी तक स्नातक स्तर के अंडर ग्रेजुएशन पाठयक्रमों में फर्स्ट ईयर से लेकर सेकंड ईयर व फाइनल ईयर में वार्षिक परीक्षा व्यवस्था थी और सालभर पढ़ाई के बाद एक बार परीक्षा होती थी, लेकिन पीजी पाठयक्रमों में कुछ साल पहले ही सेमेस्टर सिस्टम लागू हो गया था और पीजी में सेमेस्टर के आधार पर 6-6 माह में परीक्षा होते आ रही है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्नातक पाठयक्रमों में भी सेमेस्टर सिस्टम से अध्ययन-अध्यापन एवं एग्जाम हो रहा है।

### 6-6 महिने में होगा सेमेस्टर एग्जाम

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होते ही बड़ा बदलाव आया है। साल में एक बार वार्षिक परीक्षा होती थी, वह अब बंद हो रही है। इसके बजाए सेमेस्टर सिस्टम से प्रत्येक 6-6 माह में एग्जाम होना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद एक बार सेमेस्टर एग्जाम भी हो चुका है और अब दूसरे सेमेस्टर एग्जाम के लिए तैयारी चल रही है।

### आटोनामस कालेजों में पहले लागू

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी पहले आटोनामस कालेजों में लागू किया था, इसलिए आटोनामस कालेजों के लिए सेमेस्टर एग्जाम नया नहीं है, लेकिन आटोनामस कालेज सामान्य कालेजों से अलग चल रहे हैं और उनके यहां सेमेस्टर एग्जाम अलग समय पर हो रहा है। आटोनामस व सामान्य कालेजों में सेमेस्टर एग्जाम में एकरूपता की कमी है।

### फर्स्ट सेमेस्टर का परीक्षा पहले कराया गया

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत समय पर एग्जाम कराने और रिजल्ट घोषित करने कहा गया है। अलग-अलग यूनिवर्सिटी में अलग-अलग समय पर एग्जाम कराया जा रहा है। अटल यूनिवर्सिटी की ओर से फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम सबसे पहले कराया गया और परिणाम घोषित किया गया था। सेकंड सेमेस्टर एग्जाम भी समय पर आयोजित किए जाने निर्देश दिए गए हैं।

**-डॉ. तरूणधर दीवान**
परीक्षा नियंत्रक, एयू

# पहलगाम घटना पर जारी रहा विरोध प्रदर्शन, रैली निकालकर की नारेबाजी

### पुतला दहन में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस बाबा हुए शामिल



**बिलासपुर।** युवा कांग्रेस जिला शहर अध्यक्ष शेरू असलम के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के पास आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसमें कहा गया कि युवा कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता आतंकवाद के खिलाफ है। सरकार को चाहिए ईट का जवाब पत्थर से दे पत्रकार वार्ता के बाद टी एस सिंह देव भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मो अयाज दीपक रजक हरीश कालशा शांतनु मेश्राम कामरान मेमन वकार खान सोनू भोरे एवं बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस ने निकाला पोस्टर मार्च




चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के प्रति पोस्टर मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पोस्टर मार्च निकालकर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ नारे लगाए। साथ ही कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की अपील की। यह पोस्टर मार्च कोन्हेर गार्डन से प्रारंभ होकर कंपनी गार्डन में स्वामी विवेकानंद प्रतिमा के समक्ष संपन्न हुआ। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नितिन जैन, डाक्टर धीरज अहिरवार, मंतोष सिन्हा, डा. श्रुति राठौर, स्वीटी लांझियाना आदि शामिल थे।

### लीनेस क्लब मेन ने आतंकवादी हमले पर की शोक सभा



कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निहत्थे बेकसूर भारतीय नागरिकों को मौत के घाट उतारने के विरोध में लीनेस क्लब मेन द्वारा शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें एरिया अफसर शोभा चाहिल, एरिया सचिव अर्चना तिवारी, क्लब की अध्यक्ष गायत्री कश्यप एवं जन समुदाय के साथ मिलकर तेलीपारा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस हादसे में खोए हुए सदस्यों की परिवार जनों की इस दुख की घड़ी में साथ खड़े होकर सहानुभूति निभाने के लिए आम जनता से अपील की। कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

### केंद्र सरकार के हर निर्णय के साथ



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिकों समेत 26 लोगो की आतंकवादियों ने हत्या कर दी। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने बिलासपुर प्रेस क्लब में शुक्रवार को सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। सभा में पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष ज्ञान अवस्थी ने आतंकी घटना को निंदनीय बताया। इस मौके पर सतीश जायसवाल, नथमल शर्मा, रूद्र अवस्थी, राजेश अग्रवाल, कमलेश शर्मा, सईद खान, इरशाद अली, गोपीनाथ डे, दिलीप जगवानी, पंकज गुप्ता, विशाल झा, मनीष शर्मा आदि मौजूद थे।

### हिन्दू एकता संगठन के सदस्यों ने व्यक्त की अपनी संवेदना




हिन्दू एकता संगठन के सदस्यों ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा नागरिकों की हत्या के विरोध में रिवर व्यू में एकत्रित हुए। उन्होंने दीए से बने जय भारत को प्रतीक चिन्ह मानकर पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा आतंकवाद को जड़ से खत्म करने सरकार से अपील की। इस दौरान संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद थे।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने की पहलगाम हमले की निंदा



छग हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने शोक सभा आयोजित कर पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। इस अवसर पर छग उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उमाकांत सिंह चंदेल, सचिव वरुणेन्द्र मिश्रा, उपाध्यक्ष महिला एम आशा, समीर सिंह, विवेक सिंघल, ईश्वर जायसवाल, यशवंत सिंह ठाकुर, अरविंद सिन्हा, अवध त्रिपाठी, राजकुमार गुप्ता, आदि मौजूद थे। शाम को संघ के आवाहन पर पुराना बस स्टैंड से सीएमडी चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें आशीष शुक्ला, सुनील साहू, पल्लव मिश्रा, नितांश जायसवाल, केशव गुप्ता, अरविंद प्रसाद, अनिल पाण्डेय आदि मौजूद थे।



# डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी ने मनाया वर्ल्ड आईपी डे

**बिलासपुर।** आईपी उत्सव एक सप्ताह लंबी वेबिनार श्रृंखला है, जिसका आयोजन ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन और मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन इनोवेशन सेल द्वारा 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक किया गया। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल ने सीवीआरयू आईटीबीआई के साथ पूरे सप्ताह इन सभी वेबिनार सत्रों की मेजबानी की।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय ने 21 अप्रैल को विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस पर मॉडल एवं प्रोटोटाइप प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। समापन 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस पर एक विशेष कार्यशाला के साथ हुआ। इस अवसर पर अनुराधा साहू मुख्य वक्ता ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण और व्यावसायीकरण पर गहन विचार साझा किए। इसके बाद एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन हुआ जिसमें कविता देव ने सामाजिक नवाचार और उद्यमिता पर अपने अनुभव साझा किए। सभी सत्रों का समन्वय सीवीआरयू आईटीबीआई टीम ने किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय डॉ. प्रदीप घोष ने डिजिटल युग में बौद्धिक संपदा के संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता पर बल दिया। इस सप्ताह भर के कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में बौद्धिक संपदा अधिकारों, नवाचार और सामाजिक उद्यमिता के महत्व को गहराई से स्थापित किया।



# एसईसीएल सीएमडी ने की इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत

**बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय के रोड परिवहन बेड़े में आज 12 नए इलेक्ट्रिक वाहन शामिल किए गए। इसके लिए मुख्यालय में आयोजित समारोह में एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन विभागाध्यक्षों, अधिकारी- कर्मचारी की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इन इलेक्ट्रिक वाहनों को तीन वर्षों की अवधि के लिए किराए पर लिया गया है और इन्हें एसईसीएल मुख्यालय में तैनात किया जाएगा। यह पहल एसईसीएल द्वारा अपने मुख्यालय एवं परिचालन क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियानों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब तक एसईसीएल में कुल 48 इलेक्ट्रिक वाहन लगाए जा चुके हैं। इन 12 नए वाहनों के शामिल होने से यह संख्या बढ़कर 60 हो गई है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इलेक्ट्रिक वाहन कार्बन उत्सर्जन को कम करने, वायु गुणवत्ता में सुधार लाने तथा जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को घटाने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह पहल एसईसीएल की दीर्घकालिक सतत विकास रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल में इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत हमारे परिचालन को अधिक हरित और सतत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। एक उत्तरदायी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के रूप में हम पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को अपनाकर एक सकारात्मक उदाहरण स्थापित करना चाहते हैं। इन वाहनों को भारत सरकार के गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से अनुबंधित किया गया है। एसईसीएल सीएमडी ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए पूर्व में एसईसीएल द्वारा 48 इलेक्ट्रिक वाहन लगाए गए थे। अभी 12 वाहन और लगाए गए।


**नगर निगम पेट्रोल पंप के कर्मचारी की लापरवाही**

# सरकारी गाड़ी में पेट्रोल की जगह डाल दिया डीजल, घंटों खड़ी रही कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम पेट्रोल पंप के कर्मचारी की लापरवाही के कारण सरकारी गाड़ी में पेट्रोल की जगह डीजल भर दिया गया। जिसके बाद ड्राइवर और कर्मचारी के बीच बहस बढ़ गई। कार खराब होने का अंदेशा देखते हुए ड्राइवर ने पंप में ही पार्क कर दिया, जिसके चलते पेट्रोल पंप में अजीबो गरीब स्थिति बन गई, इस दौरान लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

मुंगेलीनाका चौक स्थित नगर निगम के पेट्रोल पंप में एक अजीब स्थिति निर्मित हो गई। जिला पंचायत के अधिकारी की कार क्रमांक सीजी 10 बीएफ 1159 में पंप कर्मचारी ने लापरवाही बरतते हुए पेट्रोल की जगह डीजल डाल दिया। करीब 12 लीटर



नगर निगम पेट्रोल पंप में खड़ी कार।

डीजल डालने के बाद कर्मचारी को होश आया। इस बीच कार के ड्राइवर ने इस लापरवाही को देख लिया और जमकर बहस होने लगी। करीब 1 घंटे तक गाड़ी पेट्रोल पंप में खड़ी रही। इस दौरान गहमा गहमी का माहौल हो गया और पेट्रोल पंप में आने वाले अन्य वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान पेट्रोल पंप में कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था, जिसके चलते यह लापरवाही सामने आई है।

### प्रभारी गए छुट्टी पर कर्मचारियों की मौज

बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंप में आए दिन कांड होता है। देखरेख के अभाव में कर्मचारियों के द्वारा मनमाने तरीके से काम किया जा रहा है, जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में पेट्रोल पंप के प्रभारी अधिकारी और इंचार्ज छुट्टी पर है, जिसके चलते कर्मचारियों की मौज हो चुकी है।

### जानकारी ली जाएगी

वाहन चालकों को स्वयं ही बताना पड़ता है, सरकारी गाड़ियों में पर्ची देखी जाती है, कर्मचारी ने कैसे लापरवाही की है, इसकी जानकारी ली जाएगी।

**-राजकुमार मिश्रा,** प्रभारी अधिकारी



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## आईसीएआई शाखा द्वारा तीन दिवसीय एआई प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम



**बिलासपुर।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की बिलासपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंटस का विशेष पाठ्यक्रम का आयोजन शनिवार से प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को एआई के क्षेत्र में उभरती तकनीकों, अनुप्रयोगों और उनके पेशेवर जीवन में उपयोगिता के प्रति जागरूक करना है। यह आयोजन बिलासपुर स्थित शाखा कार्यालय में 28 अप्रैल तक किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षित विशेषज्ञ और अनुभवी फैकल्टी डॉ. सौरभ माहेश्वरी ने किया। उन्होंने एआई के बुनियादी सिद्धांतों से लेकर इसके वित्तीय ऑडिट, डाटा एनालिटिक्स और आटोमेशन में उपयोग पर चर्चा की। शाखा अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया में सीए समुदाय को भी तकनीकी कौशल से लैस होना आवश्यक है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से हम सदस्यों को एआई के व्यावहारिक पहलूओं से परिचित कराना चाहते हैं। इस विशेष प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में 53 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स भाग ले रहे हैं।

53 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ले रहे हैं भाग

बैठक

## परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल होंगे आर्यावर्त ब्राह्मण



**बिलासपुर।** आगामी श्री परशुराम जन्मोत्सव के परिप्रेक्ष्य में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की एक आवश्यक बैठक महासभा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दिव्या चतुर्वेदी के निवास स्थान पर आयोजित की गई। इसमें 1 मई को आयोजित शोभायात्रा का दयालबंद में स्वागत करने एवं विप्रजनों के लिए शीतल पेय की व्यवस्था कर वहीं से एक साथ शोभायात्रा में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेन्द्र तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का विशेष महत्व है। तप, पराक्रम, ज्ञान एवं न्याय के प्रतीक भगवान परशुराम सभी को खुशहाल एवं स्वास्थ्य पूर्ण जीवन का आशीर्वाद प्रदान करें। श्री तिवारी ने बिलासपुर में आगामी 28 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित चार दिवसीय श्री परशुराम जन्मोत्सव में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की सहभागिता एवं योगदान हेतु उपस्थित पदाधिकारियों, सदस्यों से चर्चा की एवं सभी से भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। महासभा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी, मुख्य संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय तिवारी, बिलासपुर जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने भी सभी विप्र जनों से श्री परशुराम जन्मोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को भव्य रूप से सफल बनाने का आग्रह किया। अंत में आतंकी हमले में मृत पर्यटकों को मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर राजश्री मिश्रा, रीटा तिवारी, शलभ चतुर्वेदी, आर्यवीर चतुर्वेदी, अक्षत तिवारी उपस्थित थे।

आयोजन

## सिम्स में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए कौशल विकास संगोष्ठी





**बिलासपुर।** सिम्स के रेडियोलॉजी विभाग के लेक्चर हॉल में आज चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए एक विशेष एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के कौशल एवं जागरूकता का विकास करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रक्षित जोगी ने प्रिक इंजूरी के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने समझाया कि मरीजों के इलाज के दौरान उपयोग किए गए सीरिंज और नीडल्स का सही तरीके से निस्तारण कैसे किया जाना चाहिए, और उपयोग के बाद इन्हें किस रंग के डस्टबिन में डालना अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने बताया कि यदि किसी कर्मचारी को कार्य के दौरान नीडल से चोट लगती है तो उसे तत्काल आपातकालीन विभाग की ओपीडी में पंजीयन कराकर 'प्रिक इंजूरी रजिस्टर' में एंट्री करनी चाहिए और आवश्यक औषधियां लेकर अगले दिन आर्ट सेंटर में जांच करानी चाहिए। डॉ. रेखा बरापात्रे, विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बायो मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी। संगोष्ठी के दौरान सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमनेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बताया कि अस्पताल में समय-समय पर इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि कर्मचारियों के व्यक्तित्व एवं कार्यकुशलता में निरंतर सुधार हो सके।

त्रि-शताब्दी जयंती प्रदेश स्तरीय चित्र निर्माण कार्यशाला


# कलाकारों ने तैयार की लोकमाता अहिल्याबाई की चित्र माला

संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रि-शताब्दी जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 18 महिला, 32 पुरुष चित्रकारों ने भाग लेकर 50 चित्रों की एक विशाल चित्रमाला तैयार की। सभी को संस्कार भारती छत्तीसगढ़ की ओर से प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकमाता होलकर की समाज सेवी कार्यो को उद्धत करने एवं उनके विशाल व्यक्तित्व से लोगों को प्रेरणा देने के उद्देश्य से चित्रमाला का निर्माण किया गया। शहर के चित्रकार दिलीप पात्रिकर एवं संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय महामंत्री हेमंत माहुलीकर कोरबा ने उनकी जीवनी का अध्ययन कर 55 प्रसंग निर्धारित किए। चित्रकला संयोजक चंद्रशेखर देवांगन बिलासपुर, सहसंयोजक भोजराज धनगर रायपुर और वरिष्ठ चित्रकार मनोज श्रीवास्तव रायगढ़ के साथ इन विषयों पर विस्तृत चर्चा कर इसे अंतिम रूप प्रदान किया गया। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ की ओर से दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर की निदेशक आस्था कारलेकर को प्रस्ताव दिया गया। इस पर उन्होंने संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के नियमों के तहत सामग्री उपलब्ध कराने सहमति प्रदान की। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, विशिष्ट अतिथि सुदेश शर्मा अध्यक्ष चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी थे।



**इनकी रही उपस्थिति :** रायपुर के इस आयोजन में संस्कार भारती के प्रांतीय संरक्षक योगेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष रिखी क्षत्रिय, साहित्य परिषद संस्कृति मंत्रालय के अध्यक्ष शशांक शर्मा, प्रदेश महामंत्री हेमन्त माहुलीकर, सह महामंत्री डॉ पुरुषोत्तम चंद्राकर, कोष प्रमुख जागेश्वर मानसर, बिलासपुर जिला इकाई से सुश्री मोना केंवट, रूपाली काले, हर्ष रजक, चंदन कुमार, वंशिका मिश्रा, कल्याणी बाटवे, कामिनी साहू, दिव्या चंद्रा, आंचल यादव, नेहल वैष्णव, स्नेहा यादव उपस्थित थे।



# प्याऊ सेवा का शुभारंभ आज

अयोध्या दर्शन सेवा समिति एवं नगर निगम बिलासपुर के तत्वावधान में शहर के 21 विभिन्न स्थानों पर प्याऊ सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। यह आयोजन संयोजक प्रवीण झा के नेतृत्व में हो रहा है। इस भव्य कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल तथा नगर निगम महापौर पूजा विधानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। रविवार को सुबह 10:30 बजे नेहरू चौक में इसकी शुरूवात की जाएगी।

### संयोजक प्रवीण झा की पहल, अमर करेंगे शुभारंभ

- हांफा चौक
- नया बस स्टैंड,
- नेहरू चौक
- मुंगेली नाका चौक
- कलेक्टरेट चौक
- मंगला चौक
- महाराणा प्रताप चौक
- प्रताप टॉकीज चौक
- राजीव गांधी चौक
- तारबाहर चौक
- अग्रसेन चौक,
- सत्यम चौक
- सीएमडी चौक
- गांधी चौक
- जगमल चौक
- गुरुनानक चौक
- अशोक नगर चौक
- राजकिशोर नगर चौक
- मोपका चौक
- महामाया चौक
- जीजीयू गेट चौक



## श्री सोलापुरी माता पूजा में भक्तों ने किया एकवीरा देवी के दर्शन



**बिलासपुर।** बारह खोली चौक, स्टेशन रोड बिलासपुर में धूमधाम से सोलापुरी माता पूजा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के रजत जयंती वर्ष में पंडाल और बिजली की आकर्षक सजावट की गई है। प्रथम दिवस पर यहां पुजारी पार्थ सारथी द्वारा गीली हल्दी से माता के एकवीरा स्वरूप की रचना की गई। सनातन परंपराओं में एकवीरा देवी को रेणुका का एक रूप माना जाता है जो कोली समाज की कुलदेवी है और चंद्रसेनिया कायस्थ समुदाय द्वारा भी पूजी जाती है। महाराष्ट्र के पुणे के पास स्थित पर्यटन स्थल लोनावाला के पास कार्ला गुफाओं में उनका प्रसिद्ध मंदिर है। 500 सीढ़ियां चढ़कर उनके मंदिर तक पहुंचाना पड़ता है। चैत्र नवरात्रि में एकवीरा देवी के मंदिर में उत्सव मनाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार अज्ञातवास के समय पांडवों ने उनकी पूजा अर्चना की थी जिससे अर्जित शक्ति से ही वे महाभारत युद्ध में विजयी हुए थे। पांडवों ने ही उनकी मंदिर की स्थापना की थी। श्री सोलापुरी माता पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष वी रामाराव और सचिव एस सांई भास्कर ने बताया कि यहां प्रतिदिन देवी को अलग-अलग प्रकार के भोग अर्पित किए जा रहे हैं। प्रथम दिवस देवी को हलवा का प्रसाद चढ़ाया गया। यह प्रसाद कासिमपरा निवासी नितिन प्रसाद पटनायक के सौजन्य से अर्पित किया गया।

# माया रूपी मन सबसे बड़ा शत्रु लें गुरु का आश्रय : पं. शर्मा

- श्री विहार सरकंडा में चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत

**बिलासपुर।** जीव को भगवान शक्ति देकर भेजता है, पर भक्ति खुद से प्राप्त करनी होती है। कुछ शक्ति आसक्ति तो कुछ वृत्ति की ओर चले जाता है। भक्ति का संबंध हृदय से होता है। ध्रुव के हृदय के भीतर भगवान दिखता था। ध्रुव में शाश्वत विद्या जागा तो वे भगवान की स्तुति करने लगे। माया रूपी मन सबसे बड़ा शत्रु है। यदि मित्र के रूप में बदलना है तो गुरु का आश्रय लेना पड़ेगा।

ये बातें श्री विहार सरकंडा स्थित शारदाश्री गार्डन में चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास भागवत भूषण पं. अनिल शर्मा कोसला ने कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, अजामिल, प्रहलाद चरित्र की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रेम की पीड़ा ने भगवान को प्रकट करने मजबूर किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का उदाहरण देते हुए कहा कि इंसान हर परिस्थिति में मुस्कुराना सीखें। उनका सुदामा नामक एक सखा भी थे। जिनसे भगवान कृष्ण ने बखूबी दोस्ती निभाई। इससे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। जीव का मित्र अवज्ञा है। परमात्मा 24 घंटे हमारी सुरक्षा में रहता है। परमात्मा जीव का हमेशा सहायता करते हैं पर हम उसे जान नहीं पाते हैं। जीव सो जाता है तो जीव की सुरक्षा की जिम्मेदारी परमात्मा की होती है। तीर्थ जाएं तो साधन, सुविधाओं को छोड़ कर जाएं। तीर्थ स्थान जाने से जीवन में एक उर्जा आती है,

इसीलिए तीर्थ जाने कहा गया है। वहां जो मिले उसे पाएं। तीर्थ में जितनी असुविधा होगी उतनी ही परमात्मा से जुड़ोगे। कथा के मुख्य यजमान शिरोमणि, इंदिरा शर्मा हैं।




### धन से नहीं मिलते परमात्मा

कथा व्यास ने कहा कि धन से परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती है। परमात्मा का धन से नहीं तन, मन से सेवा होती है। धन का हमेशा सदुपयोग करें। संसार में जिसका कोई नहीं उसका परमात्मा है। जीवन को जीना सरल है पर उसे संभालना कठिन है। जब तक मन जागता है तब तक भगवान नहीं जागता है। मन सोएगा तो परमात्मा जागेगा।

### सत्संग से अजामिल में जागा विवेक

कथा व्यास पं. शर्मा ने बताया कि सत्संग से अजामिल के हृदय में विवेक विवेक जागा। भगवान की दो तरह की शक्ति विग्रह व अनुग्रह होती है। इसका उद्देश्य तारना होता है। भगवान भक्तों के लिए अनुग्रह व राक्षसों के लिए विग्रह शक्ति का उपयोग करते हैं।

### भजनों से माहौल हुआ भक्तिमय

कथा में पेश भजन-हरे राम-राम, हरे कृष्ण कृष्ण.., मेरी जिंदगी बस तुम्हारे लिए है.., माई जय मां काली कमली की प्रस्तुति ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

स्पोर्ट्स न्यूज

## क्रिकेट संघ बिलासपुर ब्लू टीम घोषित



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलीट ग्रुप टी-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन 26 अप्रैल से किया जा रहा है । जो कि रायपुर के आरडीसीए मैदान और भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में खेला जाएगा। यह पूरी प्रतियोगिता फेनकोड में लाइव दिखाई जाएगी। क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा बिलासपुर ब्लू टीम घोषित कर दी गई है और बिलासपुर ब्लू की टीम में प्लेट ग्रुप में सेमीफाइनल में जीतकर एलिट में अपना स्थान प्राप्त की है। बिलासपुर ब्लू टीम इस प्रकार है जिसमें परिवेश धर, सनी पांडे, मोहम्मद शाहबाज हुसैन, वासुदेव बरेठ, रोहित नेतानी, इम्तियाज़ खान (कप्तान), अनुज कुमार सिंह, आर्यन जायसवाल, जी श्रीकांत, आशीष पांडे, ओम वैष्णव, दीपक सिंह बघेल, शुभम यादव, मृणाल बोराल, अतुल पाल, सार्थक पांडा, उपेंद्र कुमार यादव, विशेष सिंह अल्तमस खान और अखिलेश शर्मा शामिल हैं । बिलासपुर ब्लू टीम के कोच सुशांत शुक्ला हैं। बिलासपुर ब्लू अपना पहला मैच कल 27 अप्रैल को रायपुर के मध्य खेलने उतरेगी। इसके पश्चात बिलासपुर ब्लू अपना दूसरा मैच 28 अप्रैल को दुर्ग के मध्य, 29 अप्रैल को प्लेट कंबाइंड के मध्य और 30 अप्रैल को भिलाई के मध्य खेलने उतरेगी और यह सभी मैच रायपुर और भिलाई मैदान में खेला जाएगा।



## छत्तीसगढ़ बेसबाल टीम का दिल्ली के साथ होगा फाइनल

68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसबाल 17 वर्ष बालक-बालिका का आयोजन दिल्ली में किया जा रह है। जहां राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई है। छत्तीसगढ़ के बालक-बालिका टीम का फाइनल मुकाबला मेजबान दिल्ली के साथ होगा। छत्तीसगढ़ दल के कोच अख्तर खान ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बालिका टीम का क्वार्टर मैच हरियाणा टीम के साथ हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने 9-1 से एकतरफा जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच में महिमा पैकरा, हिंगेश्वरी, साक्षी ध्रुव, महिमा यादव, दीक्षा पांडे, खुशी पटेल ने बेहतर प्रदर्शन किया। टीम का सेमीफाइन मैच महाराष्ट्र से हुआ, जिसमें दोनों टीम अपने अपने तरफ से काफी दमखम लगाने में लगे थे और छत्तीसगढ़ बालिका में महिमा यादव श्रेया खांडे, कृति पटेल टीम के लिए रन बनाए। वहीं महिमा पैकरा ने शानदार पीचिंग करते हुए महाराष्ट्र के खिलाड़ियों को आउट किया। इस तरह मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई।



## हैंडबॉल समर कैंप का शुभारंभ खेलें सीखें और कल को संवारे

चेतना अभियान के पांचवें चरण आओ संवारे कल अपना के अंतर्गत शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड में हैंडबॉल समर कैंप की शुरुआत की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में इस समर कैंप में बच्चों को हैंडबॉल का निःशुल्क प्रशिक्षण एक माह तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक तथा शाम 5 बजे से 7 बजे तक दिया जाएगा। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को निखारना और भविष्य के अच्छे खिलाड़ी तैयार करना है।

# सोने में तेजी से गोल्ड ईटीएफ का चला जादू, चौंका रहा रिटर्न

● रिटर्न देने में एसआईपी को भी पीछे छोड़ा ● सोने के ईटीएफ ने निफ्टी ईटीएफ को भी पछाड़ा ● एसबीआई गोल्ड ईटीएफ में 54.35% का रिटर्न मिला ● गोल्ड ईटीएफ में मार्च में मुनाफा वसूली देखी गई

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

सोने में आई तेजी ने कई फंड में भी तेजी ला दी है। पिछले एक साल में एसआईपी रिटर्न के मामले में गोल्ड ईटीएफ ने निफ्टी ईटीएफ को काफी पीछे छोड़ दिया है। जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में सोने में और तेजी बनी रह सकती है। वहीं, कुछ जानकारों के मुताबिक इसकी कीमत में कुछ गिरावट की भी उम्मीद है। अगर आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं तो अच्छे रिटर्न के लिए आपको अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है। सोने में तेजी से इससे जुड़े फंड ने अच्छा रिटर्न दिया है। सोने की कीमतें इस समय एक लाख के आसपास चल रही है। मंगलवार को तो 1800 रुपये का उछाल आया और 10 ग्राम सोना 1 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया। एक विश्लेषण के मुताबिक, पिछले एक साल में एसआईपी रिटर्न के मामले में गोल्ड ईटीएफ ने निवेशकों को चमका दिया है। यानी निवेशकों को भरपूर रिटर्न मिल रहा है। ऐसे में निवेशक अब सोने की तरफ अग्रेसित हो रहे हैं।



## क्या है गोल्ड ईटीएफ

गोल्ड ईटीएफ एक ऐसी एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड है, जिसमें सोने की कीमत को ट्रैक करने के लिए निवेश किया जाता है। यह एक ऐसी संपत्ति है जो सोने की कीमत के साथ बदलती है, जैसे कि अगर सोने की कीमत बढ़ती है, तो गोल्ड ईटीएफ की कीमत भी बढ़ेगी। यह भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन उसे शारीरिक रूप से रखने की आवश्यकता नहीं होती है। यह निवेशकों को सोने में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है बिना भौतिक सोना खरीदने की आवश्यकता के।

## सोने में निवेश करने के ये भी ऑप्शन

- **सोने के सिक्के या बार** : सोने के सिक्के या बार खरीदना एक पारंपरिक तरीका है।
- **सोने के जेवर**: सोने के जेवर भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **गोल्ड म्यूचुअल फंड्स** : गोल्ड म्यूचुअल फंड्स में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **गोल्ड म्यूचुअल फंड्स के फायदे**: गोल्ड म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।
- **सोने के शेयर**: सोने के शेयरों में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **सोने के शेयरों के फायदे**: सोने के शेयरों में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।
- **ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म**: जैसे कि पेटीएम गोल्ड, गोल्डबाजार, आदि पर सोने में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर सोने में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।

## यह मिलता रिटर्न

अगर किसी ने एसबीआई गोल्ड ईटीएफ में हर महीने 10,000 रुपये का एसआईपी किया होता, तो उसे एक साल में 54.35% का रिटर्न मिलता। वहीं, एसबीआई निफ्टी 50 ईटीएफ में इतना ही निवेश करने पर सिर्फ 2.93% रिटर्न मिलता। अन्य 16 गोल्ड ईटीएफ ने पिछले एक साल में 48.32% से 54.85% तक का रिटर्न दिया है। एक्सिस गोल्ड ईटीएफ ने 54.85% और निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड ने 48.32% का रिटर्न दिया है।

## बाकी ईटीएफ का क्या हाल

15 निफ्टी 50 ईटीएफ ने 2.87% से 3.03% तक का रिटर्न दिया। इनमें क्वांटम निफ्टी 50 ईटीएफ एफओएफ ने 3.03% और इनवेस्को इंडिया निफ्टी 50 ईटीएफ ने 2.87% का रिटर्न दिया। बाजार के जानकारों का मानना है कि सोने में उतार-चढ़ाव अभी जारी रहेगा। जोखिम उठाने वाले निवेशक इस तेजी का फायदा उठा सकते हैं, जबकि सावधानी बरतने वाले निवेशक गिरावट का इंतजार कर सकते हैं।

## आगे मजबूती या गिरावट

एक अन्य फर्म का कहना है कि कि सोने की कीमतें अगले कुछ महीनों में मजबूत बनी रह सकती है। केंद्रीय बैंकों द्वारा सोना खरीदना, ब्याज दरों में कमी की उम्मीद, डॉलर का कमजोर होना, महंगाई, आर्थिक अनिश्चितता (टैरिफ से जुड़े जोखिम सहित) और ईटीएफ में निवेश बढ़ने से सोने की कीमतों को सहारा मिल रहा है। फंड हाउस ने आगे कहा, हालांकि थोड़े समय के लिए कीमतों में गिरावट आ सकती है, लेकिन लंबे समय के लिए सोने की कीमतें मजबूत रहने के संकेत है। एएमएफआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में गोल्ड ईटीएफ से 77 करोड़ रुपये निकाले गए, जबकि फरवरी में 1,979 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था, लेकिन वित्त वर्ष 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 14,852 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल के मुकाबले 183% अधिक है। मार्च में गोल्ड ईटीएफ में उलटफेर देखने को मिला, जिसमे फरवरी के 1,979.84 करोड़ रुपये के निवेश के मुकाबले 77.21 करोड़ रुपये की निकासी हुई। ये मुनाफा वसूली के लिए हुआ।

## मुख्य विशेषताएं

1. **सोने की कीमत के साथ जुड़ा** : गोल्ड ईटीएफ की कीमत सोने की कीमत के साथ जुड़ी होती है, इसलिए निवेशकों को सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव का लाभ मिल सकता है।
2. **एक्सचेंज पर ट्रेडिंग** : गोल्ड ईटीएफ को स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड किया जा सकता है, जैसे कि शेयर।
3. **लिक्विडिटी** : गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से निवेशकों को लिक्विडिटी का लाभ मिलता है, क्योंकि वे अपने निवेश को आसानी से बेच सकते हैं।
4. **पारदर्शिता** : गोल्ड ईटीएफ की कीमतें और होल्डिंग्स पारदर्शी होती हैं, जिससे निवेशकों को अपने निवेश के बारे में जानकारी मिलती है।

## ऐसे करता है काम

- **भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व** : गोल्ड ईटीएफ एक यूनिट के रूप में भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करते हैं, आमतौर पर एक ग्राम सोने के बराबर।
- **स्टॉक एक्सचेंज पर कारोबार** : इन फंड्स को शेयर बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है, जैसे कि अन्य स्टॉक।
- **निवेश का सरल तरीका** : यह सोने में निवेश करने का एक आसान और सुलभ तरीका है, क्योंकि भौतिक सोना खरीदने, रखने और सुरक्षित करने की तुलना में यह सरल है।
- **कम अस्थिरता** : गोल्ड ईटीएफ, इक्विटी की तुलना में कम अस्थिर होते हैं।
- **सुरक्षा** : भौतिक सोने के रूप में, यह मुद्रास्फीति और आर्थिक अनिश्चितता के खिलाफ एक बचाव के रूप में काम कर सकता है।
- **निवेश** : गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए, आपको एक डीमैट और ट्रेडिंग खाता खोलना होगा। इसके बाद आप अपनी निवेश की यात्रा शुरू कर सकते हैं और समय आने पर बढ़िया मुनाफा भी कमा सकते हैं। निवेश का लंबा लक्ष्य बनाकर चलें।



# कुछ टिप्स अपनाएं और घटाएं होम लोन की ईएमआई का बोझ

सुझाव
बिजनेस डेस्क

हर किसी का मन होता है कि अपने सपनों का घर खरीदे, लेकिन इस महंगाई के जमाने में शहरी इलाकों में घर लेना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में लोग होम लोन का सहारा लेते हैं और होम लोन की ईएमआई हर महीने भरना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। होम लोन एक प्रकार का ऋण है जो व्यक्तियों को घर खरीदने या बनाने के लिए प्रदान किया जाता है। यह ऋण आमतौर पर बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा प्रदान किया जाता है और इसकी अदायगी कई वर्षों में की जाती है। अगर आप होम लोने के बोझ को कम करना चाहते हैं, तो कुछ आसान टिप्स को अपनाकर राहत पा सकते हैं। हालांकि होम लोन लेने से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने वित्तीय स्थिति और ऋण की शर्तों को ध्यान से समझें और अपने निर्णय के बारे में सुनिश्चित हों।

## डाउन पेमेंट का रखें ध्यान

जब आप घर खरीदते हैं, तो जितना अधिक पैसा शुरू में डाउन पेमेंट के लिए देंगे, उतना ही कम लोन की ईएमआई देना पड़ेगा। कम लोन ईएमआई का मतलब आपको कम ब्याज भी देना होगा। इसलिए, कोशिश करें कि शुरुआत में ही ज्यादा से ज्यादा रकम जमा करें।

## लोन की अवधि बढ़ाएं

अगर आपकी मंथली सैलरी कम है, तो आप लोन की अवधि बढ़ाकर ईएमआई कम कर सकते हैं। हालांकि, इससे कुल ब्याज बढ़ सकता है, लेकिन मासिक किस्तें कम हो जाएंगी, जिससे आपकी जेब पर कम दबाव पड़ेगा।

## समय-समय पर प्री-पेमेंट करें

अगर आपको बोनस, टैक्स रिफंड या कोई और अतिरिक्त आय मिलती है, तो उसका यूज करके लोन का कुछ हिस्सा पहले चुकाने में करें। इससे आपका मूलधन कम होगा और ब्याज में भी बचत होगी।

## बेहतर क्रेडिट स्कोर बनाएं

अच्छा क्रेडिट स्कोर होने पर बैंक आपको कम ब्याज दर पर लोन देते हैं। इसके लिए समय पर बिल और लोन की किश्तें चुकाएं और साथ ही, क्रेडिट कार्ड का सही इस्तेमाल करें और कर्ज के जाल से खुल को बचाएं।

## बैंक बदलने का भी है ऑप्शन

अगर किसी और बैंक में कम ब्याज दर पर लोन मिल रहा है, तो आप अपने लोन को वहां ट्रांसफर कर सकते हैं। हालांकि, इससे पहले सभी शर्तों और चार्जेस की जानकारी जरूर लें।

## फ्लोटिंग रेट लोन चुनें

फ्लोटिंग रेट लोन में ब्याज दर बाजार के अनुसार बदलती रहती है। अगर बाजार में ब्याज दरें कम होती हैं, तो आपकी ईएमआई भी कम हो सकती है। हालांकि, इसमें जोखिम भी होता है, क्योंकि दरें बढ़ भी सकती हैं।

## ईएमआई अमाउंट बढ़ाएं

अगर आपकी आय बढ़ी है, तो आप अपनी ईएमआई बढ़ाकर लोन जल्दी चुका सकते हैं। इससे कुल ब्याज में बचत होगी और आप जल्दी कर्ज मुक्त हो जाएंगे।

**कुछ आसान से तरीके आपकी परेशानी को कर सकते हैं कम**
●
**लोन की अवधि बढ़ाकर ईएमआई कम कर सकते हैं**
●
**मकान खरीदने के लिए अधिक से अधिक डाउन पेमेंट करें**
●
**अच्छा क्रेडिट स्कोर होने पर कम ब्याज दर पर लोन मिलता है**

## म्यूचुअल फंड में निवेश करें

अगर आप नियमित रूप से म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, तो कुछ सालों में एक अच्छी राशि जमा हो सकती है। इस राशि का उपयोग लोन का प्री-पेमेंट करने में किया जा सकता है, जिससे लोन की अवधि और ब्याज दोनों कम होंगे।

## लोन की अवधि कम करें

अगर आप थोड़ी अधिक ईएमआई दे सकते हैं, तो लोन की अवधि कम रखें। इससे कुल ब्याज में बचत होगी और जल्दी ही कर्ज खत्म हो जाएगा।

## होम लोन की विशेषताएं

- लंबी अवधि : होम लोन की अवधि आमतौर पर 10 से 30 वर्षों तक होती है, जिससे आप अपने ऋण को धीरे-धीरे चुका सकते हैं।
- ब्याज दर : होम लोन पर ब्याज दर आमतौर पर अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में कम होती है।
- सुरक्षा : होम लोन के लिए घर ही सुरक्षा के रूप में कार्य करता है, जिसका अर्थ है कि यदि आप ऋण का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो बैंक घर को जब्त कर सकता है।

## होम लोन के कुछ फायदे

- घर खरीदने में मदद : होम लोन आपको घर खरीदने में मदद कर सकता है जो आपके लिए एक महत्वपूर्ण निवेश हो सकता है।
- लंबी अवधि : होम लोन की लंबी अवधि आपको अपने ऋण को धीरे-धीरे चुकाने में मदद कर सकती है।
- कम ब्याज दर : होम लोन पर ब्याज दर आमतौर पर अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में कम होती है।

## होम लोन के कुछ नुकसान

- ब्याज का भुगतान : होम लोन पर आपको ब्याज का भुगतान करना होता है, जो आपके ऋण की कुल राशि को बढ़ा सकता है।
- जुर्माना : यदि आप अपने ऋण का भुगतान समय पर नहीं करते हैं तो आपको जुर्माना देना पड़ सकता है।
- घर की जब्ती : यदि आप अपने ऋण का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो बैंक घर को जब्त कर सकता है।

# स्वीप-इन-एफडी, जब जरूरत हो निकालें रुपये व ब्याज भी बढ़िया

*स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर किया जाता है, इसमें ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है, ब्याज निवेश की अवधि पर भी निर्भर करता है*

जानकारी
बिजनेस डेस्क

अगर बात निवेश की आती है तो ट्रेडिशनल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। एफडी की बात करें तो यह सेविंग्स अकाउंट से अधिक या तकरीबन डबल ब्याज देता है। बैंकों के सेविंग्स अकाउंट पर जहां 3.5 से 4 फीसदी सालाना के हिसाब से ब्याज मिल रहा है, वहीं फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7 से 8 फीसदी ब्याज दर है। हालांकि एफडी में एक तय समय के लिए पैसा ब्लॉक हो जाने से तुरंत लिक्विडिटी की सुविधा नहीं मिलती है। इस वजह से बहुत से लोग सेविंग्स अकाउंट में पैसे पड़े रहने देते हैं। लेकिन अगर आप लिक्विडिटी के साथ हाई इंटरेस्ट रेट चाहते हैं तो आपके लिए स्वीप इन एफडी बेहद काम आ सकती है। स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसमें एफडी के बराबर ब्याज मिलता है। एफडी की स्वीप-इन सुविधा निवेशक को बैंक खाते में अतिरिक्त धनराशि को एफडी अकाउंट में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। कहने का मतलब है कि स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। यानी यह एक प्रकार का फिक्स्ड डिपॉजिट है जो निवेशकों को अपने बचत खाते से अतिरिक्त धनराशि को आटोमैटिक रूप से एफडी खाते में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। इसमें जहां एफडी के बराबर ब्याज मिलता है, वहीं इमरजेंसी में भी तुरंत आप अपने फंड तक पहुंच सकते हैं।

## तय करनी होती है लिमिट

स्वीप-इन-एफडी के लिए आपको पहले अपने अकाउंट के लिए एक थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करनी होगी। इस लिमिट से ज्यादा पैसे एक्स्ट्रा पैसे माने जाएंगे। वैसे तो बैंक ही स्वीप थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करना है, लेकिन अकाउंट होल्डर को जरूरत के हिसाब से इसे कस्टमाइज करने का विकल्प भी देता है। यह वह लिमिट होती है, जिससे अधिक पैसे होने पर वह अमाउंट खुद ही एफडी अकाउंट में ट्रांसफर हो जाता है। इस तरह से आपने जो लिमिट तय की है, उसे इमरजेंसी फंड के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं, वहीं एक्स्ट्रा फंड पर आपको एफडी वाला ब्याज मिलने लगेगा।

## अवधि और कम से कम निवेश


स्वीप इन एफडी की अवधि 1 साल से 5 साल की होती है। वहीं, बैंक आम तौर पर बचत खाते से स्वीप-इन एफडी में 1 हजार रुपये के मल्टीपल में रकम ट्रांसफर करते हैं। कुछ बैंक निवेशकों के निर्देश के अनुसार 1 रुपये से 1000 रुपये की रेंज में ट्रांसफर की भी अनुमति देते हैं।

## कितनी है ब्याज दर

स्वीप-इन एफडी खाते के लिए ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है। यह निवेश की अवधि पर भी निर्भर करता है। जैसे एफडी में अलग-अलग अवधि के लिए अलग अलग ब्याज दरें तय होती हैं।

## बैंकों में अलग अलग ब्याज दर

| बैंक | ब्याज दर |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 5.75%-7.00% |
| एसबीआई | 4.75%-6.50% |
| एचडीएफसी | 4.50%-7.00% |
| आईसीआईसीआई | 4.50%-6.90% |
| केनरा बैंक | 5.50%-6.70% |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 5.50%-6.50% |
| पीएनबी | 4.50%-6.50% |
| आईडीबीआई | 4.50%-4.80% |
| इंडियन बैंक | 3-50%-6.10% |
| यस बैंक | 4.75%-7.00% |
| डाकघर | 6.90%-7.50% |
| आरबीएल | 4.75%-7.00% |
| आईडीएफसी | 4.50%-7.00% |




## पैसे निकालने का क्या है नियम

आम तौर पर स्वीप-इन एफडी अपनी मैच्योरिटी से पहले आपके स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते समय लास्ट इन फर्स्ट आउट (एलआईएफओ) मेथड का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि अगर आपके बैंक बचत खाते में बैलेंस चेक या एसआईपी के भुगतान के लिए जरूरी धनराशि से कम है, तो एलआईएफओ मेथड का उपयोग करके स्वीप-इन एफडी से राशि निकाल ली जाती है। यानी स्वीप-इन एफडी आपको आकर्षक ब्याज दर के साथ हाई लेवल की लिक्विडिटी भी प्रदान करता है। अगर आप अक्सर स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते हैं, तो निकाली गई राशि पर उतना ही ब्याज मिलेगा, जितने दिन वह निवेश रहा है। स्वीप-इन सुविधा के माध्यम से एफडी में निवेश की गई अतिरिक्त राशि को पूरी एफडी तोड़े बिना निकाला जा सकता है। साथ ही, बैंक एफडी से स्वेप्ट-इन पैसा निकालने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा।

# दंपति के लिए खास स्कीम, हर साल एक लाख से ज्यादा होगी इनकम

पोस्ट ऑफिस एमआईएस में वन टाइम करना होगा डिपॉजिट ● सिंगल अकाउंट के जरिए 9 लाख और ज्वॉइंट के जरिए 15 लाख तक जमा कर सकते हैं जमा

*पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम में अकाउंट खोलने के लिए कम से कम 1000 रुपये निवेश जरूरी, जिसके बाद 1000 रुपये के मल्टीपल में जमा हो सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट में अधिकतम 9 लाख रुपये और ज्वॉइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। ज्वाइंट अकाउंट में हर होल्डर का निवेश में बराबर हिस्सा होता है। इसमें बेनीफिट भी अच्छा मिलता है। यह स्कीम आपके भविष्य के लिए बेहतर हो सकती है।*

रिटर्न
बिजनेस डेस्क

अगर आप शादीशुदा हैं और रेगुलर इनकम के लिए किसी अच्छी स्कीम की तलाश में हैं तो ध्यान दें। आप सरकारी स्कीम की तरह एक ज्वॉइंट अकाउंट खुलवाकर कर साल 1 लाख 10 हजार रुपये (1.10 लाख रुपये) की इनकम कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम (पीओएमआईएस) के बारे में। आकर्षक ब्याज दरों के साथ, पोस्ट ऑफिस का यह मंथली इनकम अकाउंट निवेश के लिए एक सुरक्षित विकल्प है। इस स्कीम में वन टाइम डिपॉजिट करने पर रेगुलर इनकम का लाभ मिलता रहता है।

## ब्याज दर 7.4% सालाना

पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम अकांट पर मौजूदा ब्याज दर 7.4 फीसदी सालाना है। इसमें अब सिंगल अकाउंट के जरिए 9 लाख और ज्वॉइंट अकाउंट के जरिए अधिकतम 15 लाख रुपये जमा किए जा सकते हैं। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट सरकार द्वारा समर्थित स्मॉल सेविंग्स स्कीम है, जहां गारंटीड रिटर्न मिलता है। पोस्ट ऑफिस की योजना है तो इसमें 100 फीसदी सुरक्षा की गारंटी है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ ही स्पाउस के साथ मिलकर ज्वॉइंट अकाउंट खोलने की भी सुविधा है।

## हर माह कितनी आएगी रकम

**ज्वाइंट अकाउंट में**

- ब्याज दरः 7.4 फीसदी सालाना
- ज्वॉइंट अकाउंट से अधिकतम निवेशः 15 लाख रुपये
- सालाना ब्याजः 1,11,000 रुपये
- मंथली ब्याजः 9250 रुपये

**अगर सिंगल अकाउंट हो तो**

- ब्याज दरः 7.4 फीसदी सालाना
- सिंगल अकाउंट से अधिकतम निवेशः 9 लाख रुपये
- सालाना ब्याजः 66,600 रुपये
- मंथली ब्याजः 5550 रुपये




## मैच्योरिटी के बाद एक्सटेंड कर सकेगे

इस स्माल सेविंग्स स्कीम पर 7.4 फीसदी सालाना ब्याज मिल रहा है। इसमें जमा पैसों पर जो भी सालाना ब्याज होता है, उसे 12 हिस्से में बांट दिया जाता है, और वह हर महीने आपके अकाउंट में आएगा। अगर आप मंथली पैसा न निकालें तो वह आपके पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में रहेगी और मूलधन के साथ इस धन को भी जोड़कर आपको आगे ब्याज मिलेगा। इस स्कीम की मैच्योरिटी 5 साल है, लेकिन 5 साल बाद नए ब्याज दर के हिसाब से इसे आगे बढ़ा सकते हैं।

## क्या है स्कीम के लिए योग्यता

- बालिग के नाम से सिंगल अकाउंट
- ज्वॉइंट अकाउंट (अधिकतम 3 एडल्ट मिलकर) (ज्वॉइंट **A** या ज्वॉइंट **B**)
- माइनर के नाम पर उसका गार्जियन अकाउंट खोल सकता है
- 10 साल का माइनर है तो उसके नाम से

## क्या है पीओएमआइएस

पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम यानी पीओएमआइएस में आपको एकमुश्त निवेश करना होता है। उसी पर आपको ब्याज दर का फायदा मिलता है। इस स्कीम में निवेश करने के बाद आपको 5 सालों तक ब्याज का लाभ मिलता रहता है। मंथली इनकम स्कीम डाकघर की एक छोटी बचत योजना है। इस स्कीम में सिंगल और ज्वाइंट दोनों तरह से अपना खाता खुलवा सकते हैं। इस स्कीम में निवेश करने पर आपको वर्तमान में 7.4 प्रतिशत की ब्याज दर मिल रही है।

26 APRIL- REGIONAL-COMMON-PG-5_Layout 1 4/27/2025 12:01 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### श्री सिद्ध करुहा बाबा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आज



**बिलासपुर।** ग्राम नेवरा की पावन धरती पर श्री सिद्ध करुहा बाबा नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार 26 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई, जो करूहा बाबा मंदिर से चलकर करवाईन माता मंदिर बस स्टैंड पहुंची। कलश यात्रा में गांव की सभी महिलाएं, बच्चे एवं पुरुष शामिल हुए। आज 27 अप्रैल को श्री सिद्ध करुहा बाबा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9.30 बजे से ग्रामवासियों की उपस्थिति एवं सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात मंदिर प्रांगण में समस्त श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### बिलासपुर में गायत्री शक्तिपीठ की बैठक आज

**तखतपुर।** गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर बिलासपुर में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन 27 अप्रैल सुबह 10 बजे से किया जाएगा। बैठक को जिले के वरिष्ठ परिजन संबोधित करेंगे। युग निर्माण योजना शाखा तखतपुर के व्यवस्थापक नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि तखतपुर नगर एवं ब्लॉक के गायत्री परिजन उक्त बैठक में उपस्थित होकर अपनी भागेदारी निभाएंगे।

### गड़रिया समाज के बैठक 4 मई को

**तखतपुर।** गड़रिया समाज के बैठक संजय नगर स्थित सामाजिक भवन में 4 मई को आयोजित की गई है। बैठक में प्रदेश संगठन महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ का निर्वचन एवं अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## निधन

### वासुदेव शिवदासानी

**बिलासपुर।** तोरवा निवासी स्व. चिमनदास शिवदासानी के पुत्र



वासुदेव शिवदासानी का निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार 26 अप्रैल शनिवार को तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे साहिल जितेन्द्र शिवदासानी के पिता एवं सुरेश शिवदासानी के भाई थे।

### शेख बालिस्टर

**बिलासपुर।** ग्राम झलमला (सीपत) निवासी शेख बालिस्टर



का 25 अप्रैल को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 26 अप्रैल शनिवार को झलमला में किया गया। वे शेख इमरान एवं शेख आशिक के पिता थे।

### मीना सराफ

**बिलासपुर।** सरकंडा महामाया



चौक निवासी मीना सराफ पति स्व. रमेश सराफ का 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे रवि कुमार सराफ, राखी सराफ की माता थीं।

## 37 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण

# क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही भाजपा सरकार: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मदकूदीप स्थित अष्टभुजी गणेश मंदिर परिसर में 36 करोड़ 97 लाख रूपए से अधिक की राशि के विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अम्बालिका साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 मार्च को क्षेत्र को करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। गरीबों के लिए पक्के मकान निर्माण, राशन वितरण और स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय निर्माण जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। नारी सशक्तिकरण के लिए भी विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं सड़कों, रेलवे लाइनों और एयरपोर्टों के विस्तार के जरिए क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को मजबूती दी जा रही है। उन्होने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में सभी नागरिकों से सहयोग की अपील भी की। संत रामरूपदास महात्यागी ने बताया कि मदकूद्वीप का प्राचीन नाम मांडूक्य द्वीप था, यहीं पर मांडूक्य ऋषि ने मुण्डकोपनिषद की रचना की है। इसी उपनिषद में ''सत्यमेव जयते'' का उद्घोष हुआ है, जो कि भारत का राष्ट्रीय वाक्य है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और युवाओं को कौशल विकास प्रदान करने के साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाना अपनी प्राथमिकता में बताया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जिले के विकास के लिए जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसके लिए वे सतत प्रयास करेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



शनिवार को मदकू द्वीप में आयोजित लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### द्वीप का हो संरक्षण: कौशिक

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि मदकूद्वीप का ऐतिहासिक, पौराणिक और सांस्कृतिक महत्व है। यहां मांडूक्य ऋषि का आश्रम है। इसका संरक्षण होना चाहिए। साथ ही गौ संवर्धन के लिए भी विशेष प्रयास होना चाहिए। उन्होंने करोड़ों रूपए के भूमिपूजन और लोकार्पण के लिया उप मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सलफा-चुनचुनिया मार्ग निर्माण के साथ मदकू द्वीप में रेस्ट हाउस के जीर्णोद्धार की मांग की। जांजगीर लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े ने विकास कार्यों के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की। साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि इस स्थान को राष्ट्रीय मंच पर स्थान मिले और पर्यटन के रूप में स्थापित हो। उन्होंने समाज में एक व्यापक जनजागृति लाने और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया।

### पूरा कर रहे मोदी की गारंटी: साव

,उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है, तब से प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया जा रहा है, विकास के जो काम रूके हुए थे, उसे पूरा किया जा रहा है। मदकूद्वीप मांडूक्य ऋषि का आश्रम है। इसका सांस्कृतिक और पौराणिक महत्व है। साथ ही यहां की वनस्पतियां कई प्रकार की औषधियों से भरपूर है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास और गौरव को आगे बढ़ाने लगातार प्रयास करेंगे। साथ ही राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मद से क्षेत्र के विकास के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की।

### इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन, लोकार्पण

कार्यक्रम में 36 करोड़ 97 लाख 28 हजार रूपए निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया, इनमें 36 करोड़ 65 लाख 11 हजार रूपए का भूमिपूजन तथा 32 लाख 17 हजार रूपए का लोकार्पण शामिल है। लोक निर्माण विभाग मुंगेली संभाग अंतर्गत 284.84 लाख रूपए की लागत से 3.50 किलोमीटर सरगांव से खपरी सड़क मार्ग का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण, 375.23 लाख रूपए की लागत से 3.60 किलोमीटर बैतलपुर मदकू मार्ग का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण, 446.32 लाख रूपए की लागत से 4.44 किलोमीटर करही से चुनचुनिया मार्ग का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण, 2170.36 लाख रूपए की लागत से 12 किलोमीटर सरगांव से साकेत मार्ग का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण, 117.49 लाख रूपए की लागत से 1.40 किलोमीटर परसदा से केवईया मार्ग का निर्माण कार्य, 150.40 लाख रूपए की लागत से 01.75 किलोमीटर लमती से मचहा मार्ग का निर्माण कार्य, 75.23 लाख रूपए की लागत से ग्राम कंचनपुर में हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मुंगेली अंतर्गत 12.66 लाख रूपए व 7.94 लाख रूपए की लागत से मदकूद्वीप में पचरी निर्माण कार्य, 19.64 लाख रूपए की लागत से मदकूद्वीप में रिटेनिंग वॉल एवं पिचिंग कार्य और 5 लाख रूपए की लागत से मदकूद्वीप में सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह मंडी समिति अंतर्गत 32.17 लाख रूपए की लागत से मदकूद्वीप में 1 नग कवर्ट शेड, सीसी रोड निर्माण और इंटरलाकिंग कांक्रीट ब्लाक का लोकार्पण किया गया।

## लीलागर नदी सूखी, पानी व राशन की समस्या से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

मस्तूरी विकासखंड के ग्राम मुड़पार में पानी एवं राशन की समस्या को लेकर ग्रामीण बहुत परेशान है। गांव के अधिकांश हैंडपंप सूख गए हैं एवं कई खराब पड़े हैं एवं शासन की नल जल योजना का लाभ भी ग्रमीणों को नहीं मिल पा रहा है। साथ ही लीलागर नदी सूख जाने से ग्रामीण दूसरों के घर से पानी लाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। वहीं राशन वितरण की अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों को अंगूठा लगाने के बाद भी अपने ही हिस्से का चावल समय पर नहीं मिल पा रहा।

- गांव के 25 में से 23 हैंडपंप खराब, जलसंकट की स्थिति

अंगूठा लगाने के बाद भी चावल के हितग्राहियों को हो रही परेशानी

बता दें कि कौड़यिा के पास मुड़पार गांव है, जहां के 14 वार्डों में लगभग 2 हजार 6 सौ लोग रहते हैं, जिनमें से 9 सौ 3 राशनकार्डधारी हैं। यहां के ग्रामीण बढ़ती गर्मी में जल संकट एवं राशन की समस्या से एक साथ परेशान हैं। गांव में लगे 25 हैंडपंप में से सिर्फ 2 हैंडपंप ही चालू हैं। अधिकांश हैंडपंप सूख गए हैं एवं कई खराब पड़े हैं। ग्रामीणों ने बताया कि राशन को लेकर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि राहुल बर्मन उपभोक्ताओं से अंगूठा लगवा कर कहता है कि आपको अगले महीने राशन मिलेगा। साथ ही वह ग्रमीणों को खरी-खोटी सुना कर भगा देता है। स्थिति यह है कि ग्रामीण खुद के हिस्से के राशन के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी शुरू होते ही गांव में जलसंकट की समस्या विकराल रूप लेने लगी है। हैंडपंप के खराब होने पर गांव लोग लीलागर नदी के पानी से अपना जीवनयापन कर लेते थे, लीलागर नदी भी पूरी तरह सूखकर बंजर हो चुकी है। राशन और पानी की समस्या ग्रामीण जूझ रहे है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द पानी व राशन की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। राशन की समस्या को लेकर शनिवार को फूड इंस्पेक्टर आशीष धर दीवान जांच में पहुंचे।

### राशन का शार्टेज

यहां राशन में शार्टेज बना हुआ है, निश्चित ही हितग्राही राशन की समस्या से परेशान हैं। उच्चाधिकारी को अवगत कराने के बाद सेल्समेन के ऊपर उचित कार्रवाई की जाएगी।

\- आशीष धर दीवान, फूड इंस्पेक्टर

### भूजलस्तर नीचे

भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र का जल स्तर नीचे चला गया है, जिसके चलते हेंडपम्प सूख चुके हैं। इसका गहरीकरण कराकर ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है।

\- दिलीप मननेवार, सरपंच

## वन समिति के अध्यक्ष ने डीएफओ को दिया आवेदन

**तखतपुर।** विजयपुर में 2013 में कराए गए पौधरोपण के सुरक्षा के संबंध में डीएफओ बिलासपुर को ग्राम वन समिति विजयपुर के अध्यक्ष ने आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि विजयपुर में 2013 में 55 हेक्टेयर में सागौन तथा अन्य प्रजाति के पौधों का मिश्रित रोपण कराया गया था, जिसकी देखरेख एवं सुरक्षा हेतु अप्रैल 2017 को वन प्रबंध समिति विजयपुर ने एक चौकीदार नियुक्त की गई थी। साथ ही समिति के सदस्यों की ओर से भी इसकी देखरेख मिलकर की जा रही है। आवेदन में बताया गया कि वर्तमान में क्षेत्र में निंदाई एक्लीकरण तथा अन्य कार्यो की आवश्यकता है। साथ ही समिति के प्रभार लेने के बाद से क्षेत्र के लिए किसी प्रकार की कोई राशि आबंटित नहीं की गई है, जिससे सुरक्षा एवं



प्रबंधन तथा चौकीदारी का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। इसलिए तत्काल राशि जारी की जाए, ताकि इस वृक्षारोपण क्षेत्र की उचित सुरक्षा की जा सके। इसके साथ ही जनसूचना अधिकारी बिलासपुर को इस क्षेत्र में गड्ढा खुदाई, साफ-सफाई, सुरक्षा श्रमिक, कांटा खम्भा की खरीदी में खर्च होने वाली राशि की भी मांग की गई है। इस संबंध में कलेक्टर बिलासपुर एवं मुख्य वन सरंक्षक को आवेदन देने के साथ सुशासन दिवस में भी बलराम कुमार पाल ने आवेदन देकर इस पर शीघ्र एक्शन लेने की मांग की है।

## शिकायत समिति की सदस्य बनीं गंगा

**लगरा।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर की अनुशंसा पर कलेक्टर कार्यालय एवं महिला बाल विकास विभाग के द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों अनुसार क्रियान्वयन व दायित्वों के निर्वहन के लिए जिला स्तरीय पर



स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष सहित 4 सदस्यों की नियुक्ति की गई। समाज सेविका गंगा साहू को समिति का सदस्य नियुक्त कर उनको बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। गंगा साहू वर्तमान में साहू समाज की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री के पद पर हैं। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक एवं विधायक सुशांत शुक्ला का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने निस्वार्थ और निष्पक्षता की भावनासे जिम्मदारी निभाने की बात कही।

## जंगली सुअर के हमले में ग्रामीण की मौत

**कोरबा।** राम फुलसरी में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गांव के ही रहने वाले 56 वर्षीय बंधु राम कंवर पिता नोहरी कंवर की जंगली सुअर के हमले में मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। वहीं, वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। फुलशरी गांव के आसपास के जंगलों में अक्सर ग्रामीण लकड़ी, चारा या अन्य काम से जाते रहते हैं। शनिवार सुबह बंधु राम कंवर भी गांव के पास जोगिन जंगल (कक्ष क्रमांक पी-1116) में गए थे। इसी दौरान जंगल में घात लगाए बैठे जंगली सुअर ने उन पर अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि सुअर ने उन्हें काफी दूर तक घसीटा और बुरी तरह घायल कर दिया। शरीर में गंभीर चोटें आने के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद घर में मातम पसरा हुआ है। परिजन और ग्रामीण बार-बार यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब तक लोग इस तरह वन्यजीवों के हमले में अपनी जान गंवाते रहेंगे। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम को भेजा गया था। पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। साथ ही, नियमानुसार मुआवजा प्रकरण बनाकर जल्द सहायता राशि स्वीकृत कर दी जाएगी। इसके अलावा, इलाके में वन्यजीवों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए गश्ती दल बढ़ाने और कैमरा ट्रैप लगाने की भी तैयारी की जा रही है।

## दीपका कोयला खदान में हैवी ब्लास्टिंग, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-पश्चिम क्षेत्र दीपका कोयला खदान से सटे ग्राम आमगांव दर्रा खांचा के लोगों में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खदान में हुई हैवी ब्लास्टिंग के बाद भारी पत्थर उड़कर ग्राम में आ गिरे। इन पत्थरों की चपेट में आकर कुछ घरों को नुकसान भी पहुंचा है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था।

ग्रामीण राजू राठौर ने बताया कि ब्लास्टिंग के दौरान एक बड़ा पत्थर उनके घर के अंदर आ गिरा, जबकि परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में मौजूद थे, जिससे वे बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों के अनुसार, दीपका खदान में इस तरह की हैवी ब्लास्टिंग अब रोजमर्रा का हिस्सा बन गई है। आमतौर पर लोग



ब्लास्टिंग के समय घरों से बाहर चले जाते हैं, लेकिन अचानक हुई ब्लास्टिंग के कारण परिवार घर के अंदर ही था। घटना की सूचना तत्काल एसईसीएल दीपका प्रबंधन को दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पत्थर काफी दूर तक उड़े और कई मकानों की छतों को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा ग्राम से महज 20 मीटर की दूरी पर खदान का दायरा बढ़ता जा रहा है, जिससे खतरा और भी बढ़ गया है। उल्लेखनीय हैं की दीपका खदान प्रबंधन ने ग्राम के अधिकांश प्रभावितों को मुआवजा दे दिया है।

## राज्यपाल कल से रहेंगे जीपीएम प्रवास पर, प्रशासनिक अफसरों की लेंगे बैठक

**गौरेला।** राज्यपाल रमेन डेका आगामी 28 एवं 29 अप्रैल को जीपीएम जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे 28 अप्रैल को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर जल संचयन, पौधारोपण, जैविक खेती, स्वच्छता सहित लोक हित एवं जन कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न



कार्यों की समीक्षा करेंगे। राज्यपाल के प्रवास को लेकर कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारियों की बैठक ली एवं तय एजेंडा के अनुसार विभागवार तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने निर्देश दिए। बैठक में वन मंडल अधिकारी रौनक गोयल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेंद्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कन्या शाला में नवमीं, ग्यारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित



**तखतपुर।** शासकीय कन्या उमा विद्यालय में कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर शाला के प्राचार्य हूप सिंह क्षत्रिय ने कहा कि हमने वर्ष भर जो परिश्रम किया है, उसका परिणाम आज हमारे सामने है। हमारे लिए यह चिंतन का भी समय है कि हम परिणाम में और बेहतर सुधार कर सकते हैं। पूर्व प्राचार्य एस के पांडेय ने कहा कि यह हमारे आत्म अवलोकन का समय है। हमें देखना होगा कि वर्ष पर हमने जिस अनुपात में मेहनत की क्या उस अनुपात में परिणाम हासिल कर सके हैं। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र शुक्ला और आभार प्रदर्शन रश्मि मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को जेडी कुजूर, बीआर सूर्यवंशी, संदीप ध्रुव, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी और माहेश्वरी सिन्हा ने भी संबोधित किया।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार रूकेश कुमार पिता स्व. भैयाराम वस्त्रकार निवासी अशोक नगर बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ की मेरे पक्षकार एवं उसके भाई-बहनों के संयुक्त नाम पर ग्राम राक प.ह.न. 19 रा.नि.मं. जयरामनगर तहसील सीपत जिला बिलासपुर में खसरा नंबर 486/2, 29/1, 39, 71, 86/1, 100/2, 335/3, 486/3, 525/2 कुल खसरा नंबर 09 कुल रकबा 0.9650 हे. भूमि स्थित है जो मेरे पक्षकार एवं उसके भाई-बहनों के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की है।

मेरे पक्षकार को यह ज्ञात हुआ है कि उसके भाई रामनारायण पिता स्व. भैयाराम के द्वारा उक्त संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि को अकेले विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि उसे ऐसा करने का विधिक अधिकार नही है।

अतः आम जनता, शासकीय निकाय, बैंक सहित अन्य सभी संस्थाओं से इस आम सूचना के माध्यम से कहा जाता है कि शीर्ष उल्लेखित भूमियों के संबंध में रामनारायण पिता स्व. भैयाराम से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करने से विरत रहे अन्यथा उन्हें कोई अधिकार प्राप्त नही होगा तथा अनावश्यक मुकदमें बाजी में उलझना पडेगा।

सो सूचना जाने

भवदीय

सलीम परवेज (अधिवक्ता)

बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9826559698

### शपथ पत्र

शपथ पत्र द्वारा TRIVED SINGH DHURVE कर्मचारी संख्या 061471 पिता LATE AMILAL DHURVE उम्र 58 वर्ष (एनटीपीसी लिमिटेड) निवासी C-211 UJJAWAL NAGAR NTPC COLONY सीपत बिलासपुर (CG) 495555 दफा 1 :- यह कि शपथकर्ता शपथ पूर्वक बयान करता है कि TRIVED SINGH DHURVE पिता LATE AMILAL DHURVE उपरोक्त पते का निवासी है। दफा 2 :- यह कि शपथकर्ता शपथ पूर्वक बयान करता है कि शपथकर्ता के दो पुत्र (1) MANMOHAN SINGH DHURVE (2) GOURISH DHURVE हैं। जो एनटीपीसी के पर्सनल फ़ाइल रिकार्ड में दर्ज है। परंतु दोनों पुत्रों के नाम और जन्मतिथि में त्रुटि हो गई है। अतः उन्हें सुधारने की जरूरत है। प्रथम पुत्र का नाम MANMOHAN SINGH DHURVE की जगह केवल MANMOHAN SINGH एवं जन्मतिथि 14.05.1990 की जगह 14.05.1989 हो गया है. जो गलत है। द्वितीय पुत्र का नाम GOURISH DHURVE की जगह GAURISH KUMAR (GOURISH नाम में 'O' की जगह 'A' हो गया है) । एवं जन्मतिथि 12.07.1993 की जगह 07.10.1992 हो गई है, जो गलत है। दफा 3 :- यह कि शपथकर्ता के दोनों पुत्रों के आधार कार्ड, बोर्ड की मार्कशीट, नगरनिगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पेन कार्ड में नाम और जन्म तिथि सही-सही दर्ज है। अतः उपरोक्त दस्तावेजों को आधार मानते हुये शपथ कर्ता के दोनों पुत्रों के नाम1. MAN MOHAN SINGH, एवं जन्मतिथि 14.05.1989 जहाँ कहीं भी दर्ज है उसे सुधारकर MANMOHAN SINGH DHURVE एवं जन्मतिथि 14.05.1990 लिखा एवं पढ़ा जाय। 2. GAURISH KUMAR (GOURISH नाम में 'O' की जगह 'A' हो गया है) एवं जन्मतिथि 07.10.1992 जहाँ कहीं भी दर्ज है उसे सुधार कर GOURISH DHURVE एवं जन्मतिथि 12.07.1993 लिखा एवं पढ़ा जाय ।दफा 4 :- यह कि दफा 1 लगायत दफा 3 में लिखी बातें सही व सत्य है, इसमें कुछ छिपाया नहीं गया है।

वास्ते Trived Singh Dhurve

7458012729

### न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 92 अ6अ
ग्राम-पांड प.ह.नं. 42,
तहसील-सकरी, जिला बिलासपुर

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पांड, प.ह.नं. 42 तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक करन किशोर सिंह पिता किशोर सिंह निवासी धरमजयगढ रायगढ के छ.ग. के द्वारा ग्राम पांड स्थित भूमि ख.न. 216/80, 216/91 रकबा क्रमशः 0.0112, 0.00085 हे. दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में रकबा अधिक प्रदर्शित हो रहा है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 09.05.2025 को अपना आपत्ति-दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24.04.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी

### न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क. 2025040743000/18/2024-25
ग्राम-बेलमुण्डी तहसील
सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण विरेन्द्र पिता सेवकराम व अन्य 06 निवासी ग्राम बेलमुण्डी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम बेलमुण्डी, पहनं. 38 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 342/2, 342/3, 362/1, 369, 735, 769 रकबा क्रमशः 0.344, 0.308, 0.275, 1.234, 1.198, 1.437 कुल रकबा 4.796 हेक्टेयर भूमि का फौती नामांतरण हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भुईयां पोर्टल में लिया गया है। प्रकरण में 04 हितबद्ध पक्षकारों पक्षकारों की वर्तमान में मृत्यु हो चुकी है जिसका निराकरण राजस्व न्यायालय से किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रकरण का निराकरण किये जाने हेतु राजस्व न्यायालय में लिया गया।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

### न्यायालय नायब तहसीलदार 2 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-सकरी प.ह.न. - 00060 उसलापुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425401115600203

**ईश्तहार**

तहसील सकरी के प.ह.न. 00060 के अंतर्गत ग्राम उसलापुर के वर्तमान भूमिस्वामी तुलसी सिंह पिता/पति - कलपन सिंह पता-सा रोहराखुर्द के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 205/133 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता श्री गौरव केशरवानी पिता/पति - श्री विमल किशोर केशरवानी पता - गोंडपारा बिलासपुर के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार-2 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/04/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
Ruchika Agrawal
सकरी

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री विष्णु कुमार देवांगन पिता श्री राधे लाल देवांगन निवासी तेलिपारा बिलासपुर से इनके नाम पर नजूल संपत्ति मौजा जरहाभाठा (मोहल्ला ओम नगर) विकास खंड बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 46 प्लॉट नंबर 71/3 रकबा 477 वर्गफुट है जिस पर मकान निर्मित है उक्त संपत्ति खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- गिरीश खत्री
पिता श्री मनोहर लाल खत्री
निवासी सिन्धी कॉलोनी बिलासपुर
मो. 7089762075

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

26 APRIL- BSP-PG-6_Layout 1 4/27/2025 12:37 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### चोरी:आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बिलासपुर।** दरगाह में कम्प्यूटर और दान पेटी की चोरी करने वाले चोरों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से चोरी के सामान भी बरामद किए गए है। बीते बुधवार को रतनपुर से लगे जूनाशहर के दरगाह में अज्ञात चोरों ने कम्प्यूटर सेट, कैमरा, लोहे का दान पेटी की चोरी कर ली थी। दान पेटी में रखे रकम पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। इसकी रिपोर्ट रतनपुर थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से संदेहियों की तलाश शुरू की। इस दौरान जूनाशहर निवासी सिद्धार्थ धुर्वे ऊर्फ बिट्टू पिता शत्रुहन धुर्वे उम्र 19 वर्ष को संदिग्धता के तहत घेराबंदी कर पकड़ा गया और पूछताछ की गई। उसने बताया कि रतनपुर के एक नाबालिक के साथ चोरी उसी ने की है। पुलिस ने दरगाह से चोरी कम्प्यूटर सहित 25000 रूपये का मामल बरामद कर लिया है। मामले में नाबालिग को भी पुलिस ने पकड़ा है और अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### गाली देने से मना करने से युवक पर हमला

**बिलासपुर।** शादी कार्यक्रम के दौरान गाली देने से मना करने से एक युवक पर हंसिया से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, बिरकोना महामाया नगर निवासी राजेश गोंड पिता फेकूराम की भांजी का अटल चौक के पास शादी कार्यक्रम में चल रहा था। शुक्रवार को रात 11.30 बजे गांव का डूला खैरवार मंडप के पास आकर गाली गलौज कर रहा था। राजेश उसे गाली देने से मना करते हुए उसे पकड़कर उसके घर लेकर गया और उसकी मां को बताया। डूला खैरवार घर से हंसिया लाकर उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ कंधे में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बेमेतरा से आए युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** बेमेतरा से बारात आए युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, बेमेतरा घुरसेना निवासी भूपेश साहू पिता रामसेवक साहू 25 अप्रैल को रात्रि 10 अपने दोस्तों के साथ ग्राम भरनी बारात में आए थे। रात 11 बजे बारात घर के पास खड़े होकर वह पानी पी रहे थे। इसी दौरान प्रभात कर्माकर, प्रशांत कर्माकर अन्य साथियों के साथ आया और यहां पानी मत पीयो कहकर गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने सभी एकराय होकर मारपीट करने लगे। उनका दोस्त भूपेश रात्रे बीच बचाव करने आया तो युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने भूपेश साहू की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

**चकरभाठा स्थित स्टोर की हालत खराब**

**100 और 200 केवी के ट्रांसफार्मर का टोटा, अन्य जिलों से मंगाए जा रहे ट्रांसफार्मर**

# स्टोर में ट्रांसफार्मर नहीं, इसलिए बिजली बंद होने पर करना पड़ता है घंटों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिटी और ग्रामीण सर्किल में लगातार ट्रांसफार्मर फेल हो रहे हैं और इस दौरान बिजली विभाग को मरम्मत करने में 13 से 18 घंटे का समय लग रहा है, लेकिन बड़ी बात यह है कि जहां गर्मी में ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं, वहीं बिजली विभाग के पास ट्रांसफार्मर खत्म हो चुके हैं, स्टोर में ट्रांसफार्मर नहीं मिलने पर जुगाड़ पर विभाग का काम चल रहा है।

गर्मी अपने पूरे शबाब पर है, ओवर लोड बिजली के चलते गली मोहल्लो में लगे ट्रांसफार्मर फेल हो रहे है। पिछले 4 दिनों में सिटी सर्किल में 8 ट्रांसफार्मर खराब हो चुके हैं, इस दौरान मरम्मत करने में बिजली विभाग को घंटो का समय लगा है। बताया जा रहा है कि विभाग के पास 100 और 200 केवी के ट्रांसफार्मर ही नहीं है, रायपुर स्थित हेड आफिस से ट्रांसफार्मर की सप्लाई की जाती है, ऐसे में स्टोर में भी ट्रांसफार्मर की कमी बनी हुई है। सिटी व ग्रामीण सर्किल में ट्रांसफार्मर खराब होने पर अन्य जिलो से ट्रांसफार्मर मंगाए जा रहे हैं, यह व्यवस्था तब है जब बिजली की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते उपभोक्ताओं का जीना मुहाल हो रहा है।



### हर साल की समस्या फिर भी प्रबंध नहीं

ट्रांसफार्मर फेल होने की घटना आम बात है, सिटी सर्किल में अचानक से लोड बढ़ चुका है, और हर साल यह समस्या रहती है, लेकिन डिवीजन कार्यालय और सब स्टेशनों में ट्रांसफार्मर स्पेयर में नहीं रखे गए हैं। ऐसे में ट्रांसफार्मर इश्यू कराने रायपुर कार्यालय पर निर्भरता बनी हुई है और इस काम में काफी समय लग रहा है, जिसके चलते 12 से 18 घंटे तक बिजली सुधार नहीं हो पा रहा है। हाल के 4 दिनों में सरजू बगीचा और बलराम टॉकिज मार्ग में फेल हुए ट्रांसफार्मर को बनाने में घंटों का समय लगा है। जिसका कारण ट्रांसफार्मर की कमी है।

### रखने की जगह नहीं है

विभाग में 25 और 63 केवी के ट्रांसफार्मर आसानी से मिल जाते है, लेकिन यह ट्रांसफार्मर ज्यादा लोड लेने की क्षमता के लिए नहीं बनाए जाते है ऐसे में सिटी सर्किल क्षेत्र में इसे नहीं लगाया जाता है, वहीं 100 व 200 केवी के ट्रांसफार्मर की कमी बनी हुई है, इसकी जगह पर 315 केवी के ट्रांसफार्मर लगाए जा सकते हैं, लेकिन इसके लिए रिस्ट्रक्चर और केबल बदलने की नौबत आ जाती है, जिसके चलते विभाग के अधिकारी 315 केवी के ट्रांसफार्मर लगाने से बचत है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसी लागत बढ़ जाती है।

### सालों से नहीं बढ़ाया गया है लोड

अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ता भी विभाग को गलत जानकारी देते हैं, सिंगल फेस कनेक्शन लेकर एसी और अन्य उच्च क्षमताओं के इलेक्ट्रानिक उपकरण चलाते है। जिसके चलते इस लोड ट्रांसफार्मर पर पड़ता है। सालों से घर और दुकानों का लोड नहीं बढ़ाया गया है। खास बात यह है कि बिजली विभाग का विजिलेंस विभाग भी लोड की जांच करने में पीछे रह गया है, अन्यथा क्षेत्र की खपत के अनुसार ट्रांसफार्मर लगाया जा सकता है। एक अधिकारी ने दबे जबान पर कहा कि विभाग में संसाधनों की कमी है, जिसके चलते समय पर निर्माण और सुधार कार्य संभव नहीं हो पा रहा है।

### डिमांड भेजी जाती है

बिजली का लोड बढ़ चुका है, ऐसे में ट्रांसफार्मर खराब होते हैं। डिमांड भेजी जाती है और स्टोर के द्वारा सप्लाई की जाती है। इसमें एक -दो दिनों का विलंब हो जाता है। इसके लिए विभाग के अधिकारी लोड डाइवर्ट करते है, लेकिन कई बार इसके कारण भी ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं।

-पीआर साहू, एसई, विद्युत विभाग

### भेजे जाते हैं ट्रांसफार्मर

ट्रांसफार्मर की कमी जैसी बात नहीं है लेकिन डिमांड के अनुसार ही रायपुर कार्यालय से ट्रांसफार्मर भेजा जाता है। 1 या 2 ट्रांसफार्मर स्पेयर पर रखने का प्रावधान है, लेकिन जिस तरह से ट्रांसफार्मर फेल हो रहे हैं, उस तरह स्पेयर में नहीं रखे जा रहे, ऐसे में ट्रांसफार्मर के लिए इंतजार करना पड़ता है।

-एसपी द्विवेदी, ईई, स्टोर

**चुचुहियापारा गणेश नगर स्थित अस्पताल की हालत**

# नर्सों के भरोसे सरकारी अस्पताल दो घंटे बाद लग जाता है ताला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा रही है, डाक्टर और कर्मचारियों की लापरवाही मरीजों के लिए अभिशाप बन चुकी है। चुचुहियापारा स्थित सरकारी अस्पताल में डाक्टर की नियुक्ति नहीं हो सकी है, जिसके चलते रोजाना 2 घंटे अस्पताल खुलता है और 12 बजे के बाद गेट पर ताला लगाकर कर्मचारी चलते बनते हैं। इसके चलते क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए मोहताज होना पड़ता है।

चुचुहियापारा स्थित गणेश नगर में सरकारी अस्पताल महज नाम का अस्पताल बन चुका है, नर्सों के भरोसे अस्पताल का संचालन हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां एक डाक्टर की नियुक्ति की गई थी, लेकिन महीनों से यह डाक्टर लापता है। जानकारी के अनुसार बिना बताए छुट्टी में गया

**महीनों से डाक्टरों की कमी से जूझ रहा है अस्पताल**




डाक्टर अब तक नहीं लौट सका है, ऐसे में अस्पताल में मरीजों को महज मरहम-पट्टी कर चलता कर दिया जाता है। विभाग की दो नर्सें रोजाना सुबह 10 बजे अस्पताल खोलती है और 12 बजे ताला लगाकर घर चली जाती है। आसपास के लोग इलाज के आस में सरकारी अस्पताल की चौखठ चढ़ते हैं, लेकिन उन्हें मायूस होना पड़ता है। लगता है कि क्षेत्र के 5 हजार लोगों के साथ स्वास्थ्य विभाग मजाक कर रहा है।

### बांड के डाक्टर कर रहे लापरवाही

स्वास्थ्य विभाग में हर साल बांड के डाक्टरों की नियुक्ति होती है, यह नियुक्ति 2 साल के लिए की जाती है, लेकिन ज्यादातर बांड डाक्टर इसे लेकर समर्पित नहीं है। दो-चार माह नौकरी बीतने के बाद छुट्टी लेकर बैठ जाते है। जिसके चलते जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा रही है। हाल ही में सीएमएचओ डॉ प्रमोद तिवारी ने गणेश नगर स्थित अस्पताल का निरीक्षण भी किया था। उनके संज्ञान में आने के बाद डाक्टर को बुलाया गया है, लेकिन उसकी उपस्थित नहीं हो सकी है।

### जिला अस्पताल के संरक्षण है अस्पताल

बताया जा रहा है कि चुचुहियापारा स्थित सरकारी अस्पताल जिला अस्पताल के संरक्षण में है, सिविल सर्जन के द्वारा ही अस्पताल का संचालन किया जाना है, लेकिन अस्पताल का हाल बेहाल है। समय पर अस्पताल नहीं खोला जाता है, जिससे मरीजों को भटकने की नौबत आती है, वहीं डाक्टर नहीं होने पर इलाज भी संभव नहीं हो पा रहा है।

### नोटिस जारी किया जाएगा

कुछ ही दिन पहले अस्पताल का निरीक्षण किया था, इस दौरान डाक्टर नदारद थे। उन्हें बुलाने के लिए कहा गया है। अब नोटिस जारी किया जाएगा, और बांड के डाक्टरों द्वारा की जा रही लापरवाही के लिए उच्च अधिकारियों से दिशा निर्देश प्राप्त कर कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ प्रमोद तिवारी, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

# रिटायर्ड एसईसीएल इंजीनियर ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी, मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल से रिटायर्ड इंजीनियर ने बीमारी से त्रस्त होकर ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली है। उनके पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने बीमारी से त्रस्त होकर खुदकुशी करने की बात लिखी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सकरी थाना के प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत कश्यप ने बताया, आसमां सिटी फेस 2 निवासी रिटायर्ड एसईसीएल इंजीनियर श्यामा प्रसाद घोष 72 साल करीब 20 साल से बीमार थे। इलाज के बाद भी उनके स्वास्थ में सुधार नहीं हो रहा था। रोज की तरह शुक्रवार की शाम घर में अपना मोबाइल छोड़कर टहलने के लिए निकल गए। शाम 7 बजे तक वे घर नहीं लौटे तो घर वाले परेशान हो गए। उनका बेटा आसपास में तलाश करने के बाद रिपोर्ट लिखाने सकरी थाना गया। नाम पता लिखवाने के बाद रात 12 बजे उनका बेटा सकरी थाना फोटो छोड़ने गए तब पुलिस ने उन्हें बताया कि उसलापुर अमेरी के बीच एक बुजुर्ग के ट्रेन से कटने सूचना मिली है। उसके बाद पुलिस के साथ मौके पर गए तो लाश उनके पिता की थी। मृतक शाम को घर से निकले और कालोनी के गेट के पास आटो से उसलापुर फाटक आए और रेलवे लाइन में अमेरी की ओर जाकर ट्रेन आने पर सामने में कूदकर आत्महत्या कर ली है। तलाशी लेने पर पुलिस को डायरी में लिखा सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि मेरी बीमारी ठीक नहीं हो रही है। मैं जा रहा हूं मुझे माफ कर देना, अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं। पुलिस सुसाइड नोट जब्त कर मामले की जांच में जुट गई है।

# फूड पाइजनिंग के मरीजों की हालत सुधरी 50 डिस्चार्ज, 29 का चल रहा इलाज

**■ 22 बच्चे भी आए खतरे से बाहर**

**बिलासपुर।** शहर से सटे तुर्काडीह गांव के शादी का खाना खाने से 79 मरीजों की हालत बिगड़ गई थी, पिछले 3 दिनों से इन मरीजों की इलाज सिम्स में किया जा रहा है, लेकिन शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के लिए राहत भरी खबर रही। एक भी नया मरीज नहीं मिला है। साथ ही जिन 79 मरीजों को भर्ती किया गया था, उसमें से 50 लोगों को पूरी तरह से ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया है। तुर्काडीह, पटेलपारा में फैले फूड पाइजनिंग के केस कम हो गए है। सिम्स में इलाज करा रहे 50 मरीजों को अब घर भेज दिया गया है, जिसमें 22 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं 29 मरीजों का इलाज सिम्स के अलग -अलग वार्ड में चल रहा है। बताया जा रहा है कि शादी के कार्यक्रम में जहरीला खाना खाने से लोगों की तबीयत बिगड़ी है, शुक्रवार की शाम शादी के जोड़े दुल्हा-दुल्हन को भी सिम्स में भर्ती कराने की नौबत आ चुकी है। खास बात यह है कि सिम्स प्रबंधन ने बेहतर तरीके से मरीजों का इलाज किया और ज्यादातर लोगों को महज 2 दिनों में ठीक कर लिया गया है।



# ट्रक की टक्कर से युवक की मौत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**■ ड्राइवर गया जेल**

बेलगाम ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने वाले पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर शराबी ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना के एएसआई सोमनाथ यादव ने बताया, पुराना सरकण्डा बघवा मंदिर निवासी अविनाश दुबे पिता अश्वनी दुबे 28 साल शुक्रवार की रात 11 बजे पुराना बस स्टैण्ड से भारतीयनगर होते हुए बाइक से घर जा रहे थे। भारतीय नगर चौक में व्यापार विहार की ओर से तेज रफ्तार में लहराते हुए आ रहे ट्रक क्रमांक एपी 39 बीएफ, 3636 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अविनाश दुबे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर हादसे के बाद लोगों ने ड्राइवर को पकड़कर जमकर पिटाई की और पुलिस को सौंप दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर आंध प्रदेश निवासी श्याम कुमार पुज्जूरु का डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया। डाक्टर ने ड्राइवर के द्वारा शराब पीने की पुष्टि की गई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105, 281 व 185 एमव्ही एक्ट के तहत ड्राइवर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।





### रतनपुर हादसे में नहीं लगाई गई गंभीर धारा

ज्ञात हो कि गुरूवार की सुबह 7 बजे मेलनाडी निवासी अनीश ध्रुव 22 साल रतनपुर गहलोद ढाबा के पास डिवाइडर में लगे पेड़ में पानी डालने टेंकर की टोटी खोल रहा था। इसी दौरान पीछे से ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएक्स, 3120 के ड्राइवर ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे टोंटी सहित पाइप उसके पेट में घूसकर टूट गई थी। अंतड़ी फटने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। उक्त में मामले में पुलिस ने साधारण सड़क हादसे में मौत बीएनएस की धारा 106, 1, 281 लगाकर खानापूर्ति कर लिया। उक्त हादसे में गैर इरादतन हत्या की बीएनएस की धारा 105 नहीं लगाई गई है।

### शिक्षिका से 6 लाख 24 हजार रुपए की ठगी

**बिलासपुर।** पार्सल भेजने का झांसा देकर शिक्षिका से अलग-अलग किश्तों में 6 लाख 24 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, कासिमपारा स्वास्तिक कालोनी 37/5 निवासी टी प्रतिमा पति टी राजेश होलीक्रास स्कूल में शिक्षिका हैं। 15 फरवरी को पढ़ाई के समय का दोस्त पीटर शारोनलियो ने उनके मोबाइल में मैसेज किया कैसे हो। उन्होंने जवाब दिया अच्छी हूं। उसके बाद कभी-कभी उनके बीच मोबाइल में बातचीत हो जाती थी। 2 मार्च 2025 को एक महिला के द्वारा उन्हें फोन कर कहा गया पीटर शारोनलियो के द्वारा आपके नाम से पार्सल भेजा गया है। आपको पिकअप एमाउंट भेजने पर पार्सल मिलेगी। पहले उनसे 18 हजार रुपए जमा कराया गया। उसके बाद विभिन्न प्रकार का झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में 6 लाख 24, 500 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। मोटी रकम ट्रांसफर करने के बाद उन्हें आनलाइन ठगी होने का अहसास हुआ।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
यदि आप सुनहरे भविष्य के लिए कुछ करना चाहते हैं तो जुड़े हरिभूमि के साथ ऐसे युवक-युवतियों के लिए जो प्रिंट मीडिया, मार्केटिंग के कार्य क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। मेहनती, उत्साही, योग्य एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की।
फील्ड एक्जीक्यूटिव-10 पद
वेतन+ इंसेंटिव, योग्यतानुसार
न्यूनतम योग्यता
♦ 10+2 वीं उत्तीर्ण ♦ अधिकतम आयु 40 वर्ष
♦ उचित निर्णय लेने में सक्षम हो
इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा व पासपोर्ट साईज फोटो के साथ अतिशीघ्र संपर्क करें।
मिलने का समय 2.00 से 5.00 बजे तक
हरिभूमि रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### दोस्त से विवाद कर छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

**बिलासपुर।** शादी तय होने पर दोस्त से विवाद कर उसके रूम में छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, कोरबा पोंड़ीबहार निवासी भूमिका कश्यप 24 साल गांधी चौक में किराए के मकान में रहकर फार्मेसी की पढ़ाई कर रही थी। पढ़ाई के दौरान जैजेपुर क्षेत्र में रहने वाले लोकेन्द्र चंद्रा से दोस्ती थी। लोकेन्द्र लोधीपारा में रहकर एमआर का काम कर रहे हैं। दोस्त होने के कारण भूमिका का लोकेन्द्र से बातचीत व उसके घर जाना था। भूमिका की शादी हो चुकी थी और पति को छोड़कर अकेले रह रही थी। इसी दौरान भूमिका लोकेन्द्र से एकतरफा प्रेम करने लगी। पिछले दिना लोकेन्द्र का समाज की दूसरी युवती से सगाई हुई है, जिसका प्री वेडिंग वीडियो जारी हुआ है। वीडियो देखकर शनिवार को भूमिका उसके घर आई और सगाई को लेकर विवाद करने लगी। इससे लोकेन्द्र कमरे से निकलकर ऊपर छत में चला गया।

इधर भूमिका अंदर से उसका रूम बंद कर पंखा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद लोकेन्द्र चंद्रा नीचे आया तो कमरा अंदर से बंद मिला। आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुलने व आवाज नहीं आने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा खोलकर अंदर गई तो छात्रा की फांसी पर लटकी लाश मिली। पुलिस युवक व मृतका घरवालों से पूछताछ कर जांच में जुट गई है।

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक 23 मई 2025 06 जून 2025 14 अगस्त 2025 11 सितंबर 2025 03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

26-APR--REGNOL---pg-3-ALTOR NEW_Layout 1 4/27/2025 12:15 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### समर्थ गुरुधारा मैत्री संघ का अमरकंटक में ध्यान योग शिविर



**गौरेला।** भारत की प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं तथा संतो, ऋषियों एवं गुरुओं के ज्ञान को अंगीकार कर साधकों का मार्गदर्शन करने वाली संस्था समर्थ गुरुधारा की ओर से आगामी 1 से 6 मई तक शांति कुटीर अमरकंटक में छह दिवसीय ध्यान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समर्थ गुरुधारा संघ छत्तीसगढ़ के राज्य संयोजक संतोष चंद्रा ने बताया कि आज के भौतिकवादी युग में मनुष्य केवल भौतिक कामनाओं में लिप्त होकर अपने जीवन को नष्ट कर रहा है। ऐसे में उन्हें जीवन के वास्तविक अर्थ को समझाने के लिए संस्था के संस्थापक गुरु सिद्धार्थ औलिया के मार्गदर्शन में देशभर में ध्यान योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अमरकंटक में भी यह कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। शिविर में आने वाले साधकों के लिए भोजन एवं आवास की व्यवस्था रखी गई है। आयोजन को सफल बनाने में संतोष चंद्रा के साथ स्वामी हरीश शर्मा एवं स्वामी अजीत गहलोत जुटे हुए हैं।

### सुशासन तिहार का सकारात्मक प्रभाव समस्याओं का हो रहा निराकरण



**मुंगेली।** सुशासन तिहार का जिले में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत 8 से 11 अप्रैल तक जिले में समाधान पेटियों के माध्यम से नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में इन आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। सरदार पटेल वार्ड मुंगेली की निवासी सरिता देवांगन ने अपने मोहल्ले में पानी की समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसे को प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका के माध्यम से तत्काल जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसी तरह महामाई वार्ड के एक नागरिक ने पुराने और खराब हो चुके ट्यूबवेल की बिजली बोर्ड को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर जिला प्रशासन ने नया बिजली बोर्ड स्थापित कराया।

### अधिकारियों ने किया महतारी सदन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**मरवाही।** विकासखंड मरवाही के ग्राम पंचायत धरहर एवं निमधा में महतारी सदन का निर्माण कार्य रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा किया जा रहा है। लगभग 25 लाख रुपए की लागत के बन रहे महतारी सदन का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। उक्त निर्माण स्थल का निरीक्षण अधीक्षण अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल बिलासपुर अंजू चंदेल व कार्यपालन अभियंता संभाग मरवाही मुख्यालय पेण्ड्रा बी एल सिहश्रे ने किया। इस दौरान उप संभाग मरवाही एसडीओ एसडी मोहले ने निर्माण कार्य की प्रगति व योजनाओं की जानकारी दी। वहीं बिलासपुर मंडल से आई टीम ने कार्य को समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन महतारी सदन में बरामदा, कमरा, दुकान, शैचालय समेत आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होगीं, यह भवन महिलाओं को स्वारोजगार, प्रशिक्षण व अन्य सामाजिक गतिविधियों के लिए निशुल्क उपयोग के लिए समर्पित रहेगा। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल बिलासपुर से सहायक अभियंता प्रीती तिवारी उप संभाग मरवाही के उप अभियंता अंकित जैन, आशीष होता एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम ने ब्राह्मण समाज के जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

# विप्र समाज ने देश, धर्म और समाज के निर्माण में निभाई अग्रणी भूमिका: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शनिवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन में विप्र समाज के नव निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों का सम्मान किया।

श्री साव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विप्र समाज ने हमेशा देश, धर्म और समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और सेवा भाव से करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विप्र भवन के लिए 25 लाख देने की घोषणा की। श्री साव ने कहा कि विप्र समाज सनातन काल से समाज का मार्गदर्शन करते आया है, सनातन का ध्वज बुलंद किया है, समाज को दिशा दिखाने का काम किया। उन्होंने कहा कि, दुनिया में फिर से सनातन का डंका बजा है। एक बार फिर सनातन ध्वज फहरा है। ऐसे समय में सनातन को चोट पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे समय में समाज की भूमिका और बढ़ गई है। अभी फिलहाल धर्मांतरण की घटना बढ़ी है। ऐसे में धर्म की रक्षा के लिए विप्र समाज की भूमिका और बढ़ गई है। मुंगेली शहर से मिले संस्कार के कारण प्रदेश स्तर पर काम करने का अवसर मिला है। मुंगेली की मिट्टी और पानी में बहुत ताकत है। इस मिट्टी ने कई बड़े राजनेता एवं प्रशासनिक अधिकारी दिए हैं। उन्होंने कहा कि, संघ लोक सेवा आयोग में मुंगेली के बेटे का चयन हुआ। इससे शहर का मान समान गौरव बढ़ा है। सर्व ब्राह्मण परिषद मुंगेली के अध्यक्ष पं. अवधेश शुक्ला ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन सुनील पाठक ने एवं आभार स्वतंत्र मिश्रा ने किया।



अतिथियों का स्वागत करती महिलाएं।

**पथ प्रदर्शक है ब्राह्मण समाज: मोहले :** समारोह में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा से सर्व समाज का पथ प्रदर्शक रहा है, सभी समाज के सुखी होने की कामना ब्राह्मण समाज करता है। श्री मोहले ने विप्र भवन के विद्युतीकरण, साज सज्जा आदि के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने भी संबोधित किया।

**इनका हुआ सम्मान:** समारोह में विप्र समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शाल श्रीफल और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। जिसमें सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुंगेली रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुंगेली जयप्रकाश मिश्रा, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद पथरिया मनोज पांडे, सभापति जनपद पंचायत मुंगेली पवन पांडे, पार्षद नगर पालिका परिषद मुंगेली विजय लक्ष्मी शुक्ला, सभापति नगर पालिका परिषद लोरमी विश्वास दुबे, पार्षद नगर पालिका परिषद लोरमी सीमा मनीष त्रिपाठी, पार्षद नगर पालिका परिषद लोरमी धनंजय दुबे, सरपंच ग्राम पंचायत गस्तीकापा विकास उपाध्याय, सरपंच ग्राम पंचायत जेवरा पथरिया शशि प्रभात शर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत गोल्हापारा लोरमी अमन तिवारी का सम्मान किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, जनपद पंचायत मुंगेली सभापति पवन पाण्डेय, शैलेश पाठक, पार्षद विजयलक्ष्मी शुक्ला, सभापति नगर पालिका लोरमी विश्वास दुबे, पार्षद नपा लोरमी सीमा त्रिपाठी, धनंजय दुबे, सरपंच विकास उपाध्याय, सरपंच गोल्हापारा लोरमी अमन तिवारी, पं. दीनानाथ उपाध्याय, श्रीकांत गोवर्धन, निष्ठा पांडेय, कुणाल पाण्डेय, गिरीश शुक्ला, प्रमोद पाठक, प्रभात तिवारी, हिमांशु मिश्रा, नीलकंठ तिवारी, रामेश्वर तिवारी, आशीष मिश्रा, राकेश तिवारी, अरुण पाठक, प्रद्युम्न तिवारी, संजीव गौरहा, मनोज मिश्रा, सतीश पाठक, सुमित तिवारी, रितेश पाठक, ध्रुव पाण्डेय, संजय तिवारी, दीपक शर्मा, मोहन उपाध्याय, ब्रह्मदत्त त्रिपाठी, संजय त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी, प्रशांत शर्मा, ओमप्रकाश दीक्षित, आयुष शुक्ला, राहुल पाठक, आयुष दीवान, मंजुला शर्मा, उर्वशी पाठक, कल्पना मिश्रा, निधि पौराणिक, रश्मि तिवारी, चंद्रप्रभा तिवारी, लक्ष्मी पाण्डेय, संगीता दुबे, अनिता तिवारी, ऋतु तिवारी, आराधना तिवारी, रजनी पाठक, नीशु मिश्रा, स्वीटी पाठक, पूनम चौबे, संध्या उपाध्याय, राजेश्वरी पाठक सहित सर्व ब्राह्मण परिषद, अखण्ड ब्राह्मण समाज समिति व विप्र समाज के सभी सम्मानितजन उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार में लापरवाही पंचायत सचिव को नोटिस

**मुंगेली।** ग्राम पंचायत डाडगांव के पंचायत सचिव पुष्पेन्द्र सिंगरौल को सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया द्वारा जारी किया गया है। नोडल अधिकारी सुशासन के प्रतिवेदन के आधार पर बताया गया कि ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण नहीं किया जा रहा था।

शासन की महत्वपूर्ण योजना में अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण पंचायत सचिव को नोटिस भेजकर 02 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में उचित जवाब नहीं दिया गया, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं सचिव की होगी। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया ने पंचायत सचिवों को समय-सीमा का पालन करने और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही से बचने के निर्देश दिए हैं।

#### आवेदनों के निराकरण के लिए हुई समीक्षा बैठक

सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे पथरिया में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। निर्धारित समय पर कई विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पथरिया भरोसा राम ठाकुर ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना प्रेषित कर दी है तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में समस्त आवश्यक बैठकों में अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। ताकि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त शिकायतों और मांगों का त्वरित निराकरण जनहित में अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विद्युत विभाग के सहायक यंत्री संदीप मानिकपुरी, थाना प्रभारी पथरिया रघुवीर चन्द्र वर्मा, नगर पंचायत सरगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी घनश्याम शर्मा, जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी कुमार डाहिरे, आबकारी उप निरीक्षक पथरिया उम्मी रुमा और वन विभाग पथरिया के रेंजर सुरेश कुमार चंद्रवंशी अनुपस्थित रहे।

### कोरी समाज की आमसभा एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन आज

**बेलतरा।** कोरी बुनकर समाज की आमसभा का आयोजन 27 अप्रैल को बनमान श्री मैरिज रिसॉर्ट सेंदरी में किया गया है। इस दौरान समाज के केंद्रीय पदाधिकारियों का निर्वाचन व नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। बुनकर समाज के पंजीयन के बाद 2023 में केंद्रीय पदाधिकारियों का गठन हुआ था, जिसकी कार्य अवधि 23 मार्च 2025 को समाप्त हो गई। पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए समारोह का आयोजन किया जा रहा है। तय हुआ है। इसको लेकर समाज के लोगों में काफी उत्सुकता दिखाई दे रही हैं।

## बदमाशों ने खड़ी कार को किया आग के हवाले, मामला दर्ज



**लोरमी।** नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 4 में खड़ी एक कार में कुछ असमाजिक तत्वों ने आग लगा दी। वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला वार्ड क्रमांक 4 का है, जहां शीतला मंदिर के पास खड़ी मारुति आर्टिगा कार सीजी 10 बीटी 1376 को कुछ अज्ञात असमाजिक तत्वों ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात आग के हवाले कर दिया। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने वाहन में आग लगने की सूचना वाहन चालक को दी, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। उक्त कार अयोध्या प्रसाद तिवारी की है, जिसे वार्ड 4 निवासी करन लोहार चलाता था। रात में शादी से आने के बाद ड्राइवर करन कार को शीतला मंदिर के पास खड़ी करके अपने घर चला गया, जिसे बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया। ड्राइवर ने आग लगने की सूचना कार के मालिक को दी एवं घटना की रिपोर्ट थाने में की गई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। अखिलेश वैष्णव, थाना प्रभारी ने बताया कि आगजनी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### रिटायर पोस्ट मास्टर को दी विदाई



**दगोरी।** 40 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त होने पर पोस्ट मास्टर दिलीप सन्नाट को सम्मानित कर उन्हों विदाई दी गई। गांधी चौक में आयोजित कार्यक्रम में उनके सेवा कार्यों को याद कर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन हेमचंद्र सन्नाड एवं आभार समाज सेवी दशरथ सन्नाट ने किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बिंदा निषाद, प्रदीप सन्नाट, रामाधीन निषाद, फुलदास मानिकपुरी, गजेंद्र कौशिक, श्रवण कौशिक, दीपक सन्नाट, केशव कौशिक, रामेश्वर, राजकुमार, संजय कौशिक, मेलौराम, द्वारिका, भीम साहू, सनत ध्रुव, स्वास्थ्यकर्मी रोहित कौशिक, मनोज कौशिक, हरिश्चंद्र कौशिक, टीकू साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी जन उपस्थित थे।

## प्रधान पाठक को हर्षोल्लास के साथ विदाई दी गई विदाई



**लोरमी।** शासकीय पूमा शाला मोहतरा तेली में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जनकराम राजपूत का विदाई समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विखं शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत एवं सहायक विखं शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार शर्मा उपस्थित रहे। डीएस राजपूत ने कहा कि शिक्षक बड़े ही समर्पण के साथ बच्चों को पढ़ाते हैं एवं उन्हें काबिल बनाते हैं। लेकिन एक निश्चित समय के बाद उन्हें सेवानिवृत किया जाता है, यह पल अविस्मरणीय होता है। कार्यक्रम में विद्यालय के सदस्य आत्माराम साहू, ईश्वरी प्रसाद कुलमित्र, शोभाराम साहू, पुन्नीलाल निषाद तथा संकुल समन्वयक अमित कुमार जायसवाल भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। प्रधान पाठक जनकराम राजपूत ने विद्यालय में बिताए गए मधुर अनुभवों को साझा करते हुए सभी सहयोगियों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार प्रकट किया। समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों दी प्रस्तुती दी। समारोह में विखं शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत ने विद्यार्थियों को अंकसूची वितरित की। इस अवसर पर प्राथमिक शाला मोहतरा तेली से प्रधान पाठक अंगदराम गंधर्व, शिक्षक दिनेश कुमार ध्रुव, निम्बादेवी राजपूत, लुकरेखा कौशल, अनीता साहू, दूजबाई साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष भानु कुमार साहू, जनपद सदस्य पूर्णिमा फागुराम साहू, सरपंच प्रेमीबाई चितरंजन साहू, सुशीला जायसवाल, सुरुचि साहू आदि मौजूद थे।

### सेन समाज के जिलाध्यक्ष बने धर्मेंद्र



**पथरिया।** नगर पंचायत के पूर्व सभापति धर्मेंद्र श्रीवास को सेन समाज का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिनके स्वागत के लिए सेन समाज मंदिर में समारोह का आयोजन किया गया। र्यक्रम का संचालन भोला श्रीवास ने किया। धर्मेंद्र श्रीवास ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए समाज के लिए हमेशा खड़े रहने और समाज को मजबूत बनाने का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में तरुण श्रीवास, मुकेश श्रीवास, शरद श्रीवास, भूपेंद्र श्रीवास, दीपक श्रीवास, वीरेंद्र श्रीवास, मनु श्रीवास, टेकराम श्रीवास, नरेश श्रीवास्तव, परमेश्वर श्रीवास, रामेश्वर श्रीवास, मनु श्रीवास, लकी श्रीवास, दुर्गेश श्रीवास, बंटी श्रीवास, सेन सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 15 दिवसीय कराते शिविर का समापन



**पेंड्रा।** बेटी बढ़ाओ, बेटी पढ़ाओ एवं वे आत्मरक्षा कर सकें, इसलिए उन्हें पराठे से पहले कराते भी सिखाओ। इन्हीं भावनाओं के साथ श्री आदिश्वर पाठशाला ने सामाजिक संगठन समर्थ महिला जागृति समिति के साथ मिल कर 15 दिवसीय कराटे शिविर का आयोजन किया। महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर श्री आदिश्वर पाठशाला ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें कराटे शिविर विशेष रहा। कराटे शिविर 25 अप्रैल को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा नगर अध्यक्ष राकेश जालान ने की एवं इसमें जैन समाज के वरिष्ठ जन शामिल हुए।

### सभी को नशे से दूर रहना चाहिए: कश्यप



**तखतपुर।** गिरधौना में आयोजित अखंड नवधा रामायण में योग शिक्षक रामकुमार कश्यप जन चेतना कार्यक्रम के तहत शामिल हुए। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के कारण लोगों का चारित्रिक पतन एवं आर्थिक नुकशान हो रह है, इसलिए हम सभी नशे से दूर रहना चाहिए। साथ ही वर्तमान में मोबाईल का दुरुपयोग भी होने लगा है एवं यह एक नैतिक पतन का कारण बन गया है। इसको लेकर हमें अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर महेत राम, हरिराम, विजय कुमार, परमेश्वर, मांघीराम, हर आदि मौजूद थे।

### सौ फीसदी रहा डोंगरिया स्कूल का परिणाम



**लोरमी।** शासकीय उमा शाला डोंगरिया में प्राचार्य रमाशंकर यादव ने गुरुवार को कक्षा 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर एवं बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। शाला का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य रमा शंकर यादव ने बच्चों को जीवन में उत्तरोतर प्रगति करने तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शाला के नरेश राठौर, बैदूराम धुर्वे, टीएस मंडावी, ललिता एक्का, वीडी सोनी, सीमा तिवारी, एकता केशवानी, प्रवीणा श्रीवास्तव, अंशुल साहू, बालमुकुंद तिवारी सहित शाला स्टाफ शामिल रहा।प्रसाद, ओमकार सहित अन्य उपसथित रहे।

## बिजनेस साइट

### किसानों को दी गई महिंद्रा ट्रैक्टर की खूबियों की जानकारी



**मुंगेली।** सैम ग्लोबल महिंद्रा ट्रेक्टर डीलरशीप मुंगेली द्वारा महिंद्रा ट्रैक्टर की अश्वमेध ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिंद्रा एन्ड महिंद्रा छत्तीसगढ़ के स्टेट हेड दिलीप सिंह, जोनल मार्केटिंग मैनेजर सवदीप बावा एवं सैम ग्लोबल के डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने शक्ति माई मंदिर में नागपुर प्लांट से आए अश्वमेध ट्रैक्टर की पूजा अर्चना करके रैली का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को महिंद्रा ट्रैक्टर की खूबियों के बारे में जानकारी दी गई। अक्षय तृतीया पर्व से खेतों में जोताई कार्य प्रारंभ हो जाता है किसानों ने महिंद्रा ट्रैक्टर की खूबियां जानने के पश्चात ट्रेक्टर की खरीदी भी की।

## शराब की बोतलों से अटा पड़ा कमरा, नहीं हो रही देखरेख

# वाटर एटीएम बंद, शराबियों का बना अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

गर्मी से लोगों का बुरा हाल है और भीषण गर्मी के कारण घर से बाहर निकलते ही लोगों के कंठ सूखने लगते हैं। घर से बाहर निकलने पर गर्मी के मार से बचने के लिए लोग शुद्ध पेयजल की तलाश करते हैं। 19 लाख रुपए की भारी भरकम लागत से नगर में लगाए गए 2 वाटर एटीएम विभागीय उदासीनता की भेंट चढ़ गई है। वाटर एटीएम बंद रहने से आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। मेंटनेंस का दायित्व निर्धारित करने के बाद भी कंपनी के द्वारा सेवा में कमी कर आमजन को शुद्ध पेयजल से वंचित किया जा रहा है।

नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के मद्देनजर तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा लोगों को नाम मात्र के दर में फिल्टर पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2 नग वाटर एटीएम लगाया गया था। पहला नया बस स्टैंड एवं दूसरा थोक सब्जी बाजार बुधवारी में स्थापित किया गया है। इन व्यस्ततम क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो सके। प्रशासन की उदासीनता के परिणाम दोनो वाटर एटीएम पिछले साल भर से बंद पड़ा है। नया बस स्टैण्ड स्थित वाटर एटीएम में लगे दरवाजे को तोड़कर अंदर में शराब पीने की जगह बन गया है। यहां पर खाली दारू की बोतलें नजर आ रही है। बस स्टैण्ड में ठण्डे पानी नही मिलने से जरूरतमंद नागरिक शुद्ध पेयजल हेतु महंगे बॉटल एवं जार खरीद कर पीने को मजबूर है। पूर्व शासन द्वारा 19 लाख रूपए की लागत से राइट वाटर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नागपुर की कंपनी को एटीएम लगाने तथा सम्पूर्ण मेंटनेंस का दायित्व निर्धारित करने के बाद भी कंपनी के द्वारा सेवा में कमी कर आमजन को शुद्ध पेयजल से वंचित किया जा रहा है। इस पर नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान नहीं है। कंपनी द्वारा अनुबंध के अनुसार सेवा नहीं देने के कारण लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। लोगों ने बताया कि गत 4 वर्षों से स्थापित केंद्र की पानी में मौजूद मिनरल एवं टीडीएस की जांच एवं जल की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन भी नहीं हो पाया है। विगत 3 वर्ष से वाटर एटीएम बंद है। नागरिकों ने वाटर एटीएम का सही ढ़ंग से संचालन किए जाने की मांग जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से की है।



बंद पड़ी वाटर एटीएम, वाटर एटीएम के अंदर दारू की बोतलें।

#### मरम्मत के लिए कहेंगे

नगर में स्थापित वाटर एटीएम बंद रहने की जानकारी मिली है। इस संबंध में एटीएम लगाने एवं मेंटनेंस करने वाली कंपनी के लोगों को बुलाकर मरम्मत एवं शुरू करने के लिए कहा जाएगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर पालिका क्षेत्र में 5 स्थानों पर प्याऊ घर खोला गया है।

-आशीष तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुंगेली

## आवेदनों के निराकारण की कलेक्टर ने की समीक्षा



**गौरेला।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। साथ ही उन्होंने प्रतिदिन निराकारण का प्रतिशत बढ़ाने की बात कही।

उन्होंने मैदानी अमले को लगाकर सुशासन तिहार का तृतीय चरण शुरू होने से पूर्व आवेदनों का शतप्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निराकारण के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्विभागीय मांगों एवं शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करने तथा समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। बैठक में बताया गया कि 25 अप्रैल की स्थिति में विभागवार ऑनलाइन संधारित आवेदनों की संख्या 51 हजार 9 सौ 97 है। इनमें से 4 हजार 5 सौ 23 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। निराकृत आवेदनों में विभिन्न मांगों से संबंधित 4 हजार 4 सौ 20 और शिकायत से संबंधित 1 सौ 3 आवेदन शामिल है। बैठक में वन मंडल अधिकारी रौनक गोयल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, एसडीएम पेण्ड्रारोड ऋचा चंद्राकर, एसडीएम मरवाही प्रफुल्ल रजक सहित विभिन्न विभागों के जिला, अनुभाग एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।